• जयपुर, मंगलवार, 24 सितंबर 24 • वर्ष 14 • अंक 39 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

• स्वामी विवेकानंद

पेज @3 हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह के बलिदान दिवस पर रावणा राजपूत...

पेज @4 राष्ट्रीय पोषण अभियान के पोषण माह अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता ...

पेज @8 कानून तो बहुत लेकिन संस्कार और शिक्षा से रुकेगा लव जिहाद : विहिप प्रांत मंत्री...

# केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जयपुर स्थित श्री भवानी निकेतन सैनिक स्कूल का किया उद्घाटन

## उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सैनिक स्कूल की सौगात देने पर किया आभार व्यक्त

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** केंद्र सरकार ने पूरे भारत में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने का लक्षय रखा है। इस क्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज जयपुर स्थित श्री भवानी निकेतन सैनिक स्कूल का आज उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होने कहा की केंद्र सरकार ने पू-रे भारत में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने का लक्षय रखा है। इसी क्रम में रक्षा मंत्रालय ने इन 100 स्कूलों में से 45 स्कूल राज्य सरकारों, गैर सरकारी संगठनों और निजी स्कूलों के सहयोग से खोलने को मंजूरी दी गई। इनमें से 40 स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियां शुरू हो गयी है, और श्री भवानी निकेतन सैनिक स्कूल, जयपुर उनमें से एक है।





जयपुर में उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुये रक्षा मंत्री ने कहा की राजस्थान वीरों की भूमि है इस भूमि पर महाराणा प्रताप, पृथ्वीराज चौहान, महाराज सूरजमल और सवाई जयसिंह जैसे शौर्य और पराक्रम के अनेक प्रतिनिधि जन्मे। अपनी मातृभूमि की रक्षा करना, और उसकी रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर देने का जो संकल्प है, वह संकल्प इस भूमि के कण-कण में बसा हुआ है। उन्होने विश्वास व्यक्त किया की ये सैनिक स्कूल के विधार्थी देश प्रेम की ऐसी भावना से ओतप्रोत होंगे साथ ही उन्हें भारत की सैन्य सेवाओं में जाने के लिए उचित मार्गदर्शन मिलेगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि जब भी पी.पी.पी मॉडल की बात होती है तो पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप समझा जाता है। लेकिन अब समय बदल रहा है अब पी.पी.पी का मतलब प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप है । वर्तमान समय में अर्थव्यवस्था के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भूमिका सार्वजनिक क्षेत्र के मुकाबले कहीं ज्यादा है। देश की अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र की महती भूमिका है इसमे कृषि, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है और रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया की निजी और सार्वजनिक क्षेत्र एक साथ आएंगे इन नए सैनिक स्कूलों के माध्यम से हमारी भावी पीढ़ियों को सर्वोत्तम शिक्षा देंगे।

देश के विकास में शिक्षा के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुये रक्षा मंत्री ने कहा की सैनिक स्कूल भावी पीढ़ी के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास मे महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। उन्होने कहा की सैनिक स्कूल विधार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ साथ अनुशासन, देशभक्ति और साहस के मूल्यों को भी विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे ।

केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा की सैनिक स्कूल के विधार्थी आज सेना में उच्च पदो पर आसीन है, वर्तमान में थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी सैनिक स्कूल, रीवा के पूर्व छात्र रहे है। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूलों के छात्र सशस्त्र बल के अलावा भी कोई अन्य केरियर चुन सकते हैं और देश की सेवा में योजदान दे सकते हैं। उन्होंने विधार्थीयों से आग्रह किया कि वे कभी हार न मानें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करते रहें।

पीपीपी मोड पर स्थापित किए जा रहे 100 नए सैनिक स्कूल मौजूदा 33 सैनिक स्कूलों के अतिरिक्त हैं। स्थापित होने वाले ये नए स्कूल, संबंधित शिक्षा बोर्डों से संबद्धता के अलावा, सैनिक स्कूल सोसायटी के तत्वावधान में कार्य करेंगे और इसके नियमों और विनियमों का पालन करेंगे। वे अपने नियमित संबद्ध बोर्ड पाठ्यक्रम के अलावा, सैनिक स्कूल पैटर्न के छात्रों को अकादमिक प्लस पाठ्यक्रम की शिक्षा प्रदान करेंगे।

सैनिक स्कूल के पाठ्यक्रम के साथ साथ विधार्थियों के लिए लैंगिक समानता और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर प्रेरक वार्ताएं भी आयोजित की जाएंगी इसी के साथ विधार्थियों को कौशल-आधारित प्रशिक्षण, सामुदायिक सेवा, शारीरिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा । वें एनसीसी से भी जुड़ सकेंगे। उलेखनीय है की सितंबर 2023 में, सैनिक स्कूल सोसायटी, रक्षा मंत्रालय ने श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल, जयपुर में एक नए सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

इससे पहले उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जयपुर को सैनिक स्कूल की सौगात देने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वो खुद एक सैनिक की बेटी हैं और इस पर उन्हें गर्व है। राजस्थान में बड़ी संख्या में सैनिकों के परिवार रहते हैं। यहां सैनिक स्कूल खुल जाने से ऐसे परिवारों को मदद मिलेगी। 2014 के बाद पीएम और रक्षा मंत्री ने साफ किया कि अब देश में रक्षा को लेकर मजबूत घेरा है। इसलिए चिंता की बात नहीं हैं। नए भारत में किसी का दखल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर पीएम जवानों का मनोबल बढ़ाते है। सेना के साथ सरकार खड़ी हैं। खुद रक्षा मंत्री भी इस बात का संदेश देते रहे हैं। 2021 में केंद्र ने 100 सैनिक स्कूल की स्वीकृति दी थी। अब स्कूल की पढ़ाई भी देश भक्ति की भावना के साथ होगी।

कार्यक्रम में सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, सांसद मंजू शर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और पूर्व सांसद रामचरण बोहरा भी मौजूद रहे।

## न्यूज़ अपडेट

### प्लास्टिक बैग में पेशाब करने के बाद बिना हाथ धोए बेच रहा था फल, लोगों के हंगामे के बाद दुकानदार अरेस्ट

**ठाणे/एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे के डोंबिवली में एक फल विक्रेता की शर्मनाक करतूत सामने आई है। इसका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि एक फल विक्रेता प्लास्टिक बैग में पेशाब करता है, फिर बिना हाथ धोए ग्राहकों को फल बेचने लगता है। हिंदू संगठनों को जैसे ही इस बात की जानकारी हासिल हुई, कार्यकर्ता डोंबिवली पहुंच गए। पुलिस ने फल विक्रेता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम अली खान है। वह डोंबिवली में फल बेचता है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। हिंदू संगठनों का आरोप है कि आरोपी जान-बूझकर ऐसा कर रहा था। स्थानीय लोग भी इस मामले में नाराज हैं। हिंदू संगठनों ने पुलिस से मांग की है आरोपी को सजा दी जाए। वीडियो वायरल होने के बाद हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने डोंबिवली के कई ठेलों पर तोड×फोड़ की। कार्यकर्ताओं ने ठेलों पर से फल-सब्जियां जमीन पर फेंक दिए। पुलिस ने कहा है कि आरोपी ऐसा क्यों कर रहा था, इसको लेकर उसने कुछ खास जानकारी नहीं दी है। आरोपी के खिलाफ धारा 271, 272 और 296 (अश्लीलता) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### चिकन में कमी बताने की कीमत जान देकर चुकानी पड़ी, पत्नी ने पीट-पीटकर ले ली जान

**पश्चिम चंपारण/एजेंसी।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के चौतरवा थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। एक पत्नी ने अपने पति की मामूली सी बात पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पत्नी ने अपने पति को चिकन खिलाया था, जिसमें नमक कम था। इस बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया और आखिरकार पत्नी ने गुस्से में आकर पति को इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई।मृतक की पहचान 35 वर्षीय शमशेर आलम उर्फ लालू के रूप में हुई है।


## पीएम मोदी की अमेरिका में बड़ी डील

# नोएडा में जेवर एयरपोर्ट के पास बनेगा दुनिया का पहला सेमीकंडक्टर प्लांट

**नोएडा/एजेंसी।**

जेवर एयरपोर्ट के पास जल्द ही इलेक्ट्रॉनिक्स सामान का एक बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। इसके साथ ही, भारत और अमेरिका के बीच हुए एक महत्वपूर्ण समझौते के तहत, नोएडा में दुनिया का पहला सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन प्लांट स्थापित किया जाएगा।

अमेरिका के साथ हुई ऐतिहासिक डील: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान, भारत और अमेरिका ने मिलकर एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत, दोनों देश मिलकर भारत में एक सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन प्लांट स्थापित करेंगे। यह प्लांट अमेरिकी सैन्य बलों और भारतीय रक्षा बलों को चिप्स की आपूर्ति करेगा।



### क्या है सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन प्लांट?

» सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन प्लांट वह जगह होती है जहां सेमीकंडक्टर चिप्स का निर्माण किया जाता है। सेमीकंडक्टर चिप्स इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का आधार होते हैं। इनका उपयोग कंप्यूटर, मोबाइल फोन, और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में किया जाता है।

### क्यों है यह डील महत्वपूर्ण?

» सैन्य सुरक्षा: यह डील भारत की सैन्य सुरक्षा को मजबूत करेगी।

» टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भरता : भारत को टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगी।

» रोजगार सृजन : इस प्लांट के स्थापित होने से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

» आर्थिक विकास : यह भारत के आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

» नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक्स हब : जेवर एयरपोर्ट के पास बनने वाला इलेक्ट्रॉनिक्स हब, भारत को एक प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादक देश बनाने में मदद करेगा। इस हब में कई बड़ी कंपनियां निवेश करेंगी।

» पीएम मोदी का विजन : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को सेमीकंडक्टर चिप्स का एक बड़ा उत्पादक देश बनाने का लक्षय रखा है। इस डील के साथ, भारत इस दिशा में एक बड़ा कदम आगे बढ़ गया है।

### बेलगाम में छोटी सी बात पर चली तलवारें, चार घायल

**बेलगाम/एजेंसी।** कर्नाटक के बेलगाम स्थित रुक्मिणी नगर में ईद-ए- मिलाद-उन- नबी के अवसर पर लगाए गए बिजली लैंप को हुए नुकसान का मामला इतना बढ़ा कि दो समूह आपस में भिड़ गए। आरोप प्रत्यारोप से शुरू हुई बात तलवारबाजी तक पहुंच गई। इस घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से दो लोगों को आगे के इलाज के लिए एक निजी अस्पताल रेफर किया गया। घायलों के नाम महमूद कैप, तनवीर, शाहिल भंडारी और अबजान हुंडेक हैं। जानकारी के मुताबिक इन्हें पेट, पीठ और छाती में गंभीर चोट आई हैं। घटना जिले के उज्वलानगर के रहने वाले एक व्यक्ति समीर और उसके कई साथियों द्वारा लोगों पर तलवारों से हमले के बाद शुरू हुई। बताया जा रहा है कि एक स्थानीय निवासी समीर और उसके साथियों द्वारा लगाए गए बिजली के लैंप को महमूद कैप और उसके दोस्तों ने तोड़ दिया। इसके बाद समीर के समूह ने इसका हर्जाना भरने को कहा। इस बात पर दोनों पक्ष अड़ गए और बहस शुरू हो गई। इसके बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर तलवार से हमला बोल दिया।

## वैज्ञानिकों के लिए बड़ी उपलब्धि

# चंद्रयान- 3 का चांद पर नया कारनामा, प्रज्ञान ने कर दी बहुत बड़ी खोज



**अहमदाबाद/एजेंसी।**

भारत के चंद्र मिशन चंद्रयान-3 ने एक बार फिर वैज्ञानिकों को चकित कर दिया है। चंद्रयान-3 का प्रज्ञान रोवर चंद्रमा की सतह पर लगातार नई खोज कर रहा है। इसी क्रम में रोवर ने चंद्रमा पर 160 किलोमीटर चौड़ा एक नया गड्ढा खोजा है। यह नया गड्ढा चंद्रमा के शुरुआती भूवैज्ञानिक इतिहास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर सकता है। माना जाता है कि यह गड्ढा चंद्रमा के सबसे बड़े और सबसे पुराने प्रभाव बेसिन, ऐटकेन बेसिन के बनने से पहले ही अस्तित्व में था। इस गड्ढे की नई परत पर मौजूद धूल और चट्टानों का अध्ययन करके वैज्ञानिक चंद्रमा की उत्पत्ति और विकास के बारे में अधिक जान सकेंगे।

रोवर ने इस गड्ढे की उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें ली हैं, जिनसे वैज्ञानिक इसकी संरचना का विस्तृत अध्ययन कर रहे हैं। रोवर द्वारा एकत्रित किए गए डेटा से चंद्रमा के बारे में कई नए तथ्य सामने आ रहे हैं। यह खोज वैज्ञानिकों के लिए बेहद उत्साहवर्धक है। इससे चंद्रमा के बारे में हमारे ज्ञान में वृद्धि होगी और भविष्य के चंद्र मिशनों के लिए नई राहें खुलेंगी। चंद्रयान-3 मिशन भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों का प्रमाण है। यह मिशन भारत को अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में एक अग्रणी देश बना रहा है।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' कराने से क्या बदलाव आएगा?

एक राष्ट्र एक चुनाव भारत में प्रस्तावित चुनावी सुधार है जो देश में सभी चुनावों को एक साथ कराने की वकालत करता है, चाहे वह संसदीय, राज्य विधानसभा या स्थानीय निकाय चुनाव हों, हर पाँच साल में एक बार एक साथ कराए जाने चाहिए। इस अवधारणा का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना, चुनाव से संबंधित खर्चों को कम करना, बार-बार होने वाले चुनावों से होने वाले व्यवधान को कम करना और अभियान से हटकर नीति कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करके शासन को बेहतर बनाना है। समर्थकों का तर्क है कि इससे मतदाताओं की भागीदारी भी बढ़ेगी और चुनावों का निरंतर चक्र समाप्त होगा। हालांकि, कार्यान्वयन के लिए व्यापक संवैधानिक संशोधनों और राजनीतिक दलों और हितधारकों के बीच आम सहमति की आवश्यकता होती है। एक राष्ट्र एक चुनाव के पीछे का विचार भारत में लोकसभा (संसद का निचला सदन) और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ समयबद्ध करना है।

फिलहाल, भारत में हर पाँच साल में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव होते हैं। सरकार पर लागत का बोझ बढ़ाने के लिए, कुछ राज्य अपनी राज्य विधानसभाओं के लिए अलग-अलग चुनाव भी कराते हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा के तहत सभी चुनाव एक साथ आयोजित करके, चुनावों की संख्या और उनके साथ होने वाले खर्चों को कम करके चुनावी प्रक्रिया को सरल बनाने की उम्मीद है। इस समन्वय के कारण मतदाता एक साथ कई चुनावों में भाग ले सकते हैं, जिससे चुनावी प्रक्रिया सुव्यवस्थित होगी और संभवतः मतदान में वृद्धि होगी। प्रशासन को चुनाव समय-सारिणी में सामंजस्य स्थापित करके शासन की प्रभावशीलता में सुधार करने की उम्मीद है। भारत में एक राष्ट्र एक चुनाव के क्रियान्वयन के कई संभावित लाभ हैं, विभिन्न स्तरों पर चुनावों को एक साथ कराने से चुनाव संबंधी व्यय में उल्लेखनीय कमी आएगी, जिसमें सुरक्षा, रसद और प्रचार की लागत शामिल है। बार-बार चुनाव होने से अक्सर शासन में व्यवधान पैदा होता है क्योंकि नीति कार्यान्वयन के बजाय चुनाव प्रचार पर ध्यान केंद्रित हो जाता है। एक राष्ट्र एक चुनाव से शासन को स्थिर करने की लंबी अवधि मिलेगी, जिससे निर्वाचित प्रतिनिधि नीतियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। बार-बार चुनाव होने से कभी-कभी मतदाता थक जाते हैं और मतदान में कमी आती है। एक साथ चुनाव होने से मतदाताओं को हर पांच साल में केवल एक बार ही वोट डालना होगा, जिससे संभावित रूप से मतदाताओं की भागीदारी बढ़ेगी और वे अधिक सूचित निर्णय ले सकेंगे।

एक साथ चुनाव होने से नीति निरंतरता सुनिश्चित होगी क्योंकि एक ही सरकार एक निश्चित अवधि के लिए सभी स्तरों पर सत्ता में रहेगी। इससे दीर्घकालिक योजना और सुसंगत नीति कार्यान्वयन में सुविधा होगी। अलग-अलग समय पर कई चुनाव कराने से प्रशासनिक मशीनरी पर दबाव पड़ता है। एक राष्ट्र एक चुनाव से चुनाव आयोगों पर बोझ कम होगा। समन्वित चुनावों से संभावित रूप से अधिक राजनीतिक स्थिरता आ सकती है, क्योंकि इससे बार-बार होने वाले मध्यावधि चुनावों, गठबंधन सरकारों और इससे जुड़ी अस्थिरता की संभावना कम हो जाएगी। भारत में एक राष्ट्र एक चुनाव के क्रियान्वयन में कई संभावित कमियाँ हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव भारत में विभिन्न राज्यों की अद्वितीय राजनीतिक गतिशीलता और क्षेत्रीय हितों को कमजोर कर सकता है, क्योंकि यह एक समान चुनाव चक्र को बढ़ावा देता है। यह अलग-अलग राज्यों के विविध मुद्दों और आकांक्षाओं को नजरअंदाज कर सकता है, जिससे उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं की उपेक्षा हो सकती है। समकालिक चुनावों के साथ, एक जोखिम है कि राष्ट्रीय मुद्दे स्थानीय चिंताओं पर हावी हो जाएंगे। स्थानीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर पर्याप्त ध्यान और चर्चा नहीं हो सकती है, क्योंकि राजनेता राष्ट्रीय स्तर के प्रचार और एजेंडे पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं।

भारत का संघीय ढांचा राज्यों को अपनी सरकारें और नीतियां रखने की अनुमति देता है। एक राष्ट्र एक चुनाव शक्ति और निर्णय लेने को केंद्रीकृत कर-के इस संघीय ढांचे को कमजोर कर सकता है, जिससे राज्यों की स्वायत्तता और स्थानीय मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने की उनकी क्षमता कम हो सकती है। बार-बार चुनाव होने से मतदाता थक सकते हैं, जहाँ नागरिक असंबद्ध हो जाते हैं और चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने में कम रुचि रखते हैं। एक साथ चुनाव कराने के लिए प्रचार उद्देश्यों के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होती है। सीमित फंडिंग वाले छोटे दल या उम्मीदवार बड़े पैमाने पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं, जिससे संभावित रूप से राजनीतिक प्रतिनिधित्व में असंतुलन पैदा हो सकता है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आवाज़ों की विविधता सीमित हो सकती है। भारत के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराएं, प्राथमिकताएं और नीतिगत प्राथमिकताएँ हो सकती हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव नीति निरंतरता को बाधित कर सकता है, क्योंकि राष्ट्रीय स्तर की सरकारों में बदलाव से राज्य स्तर के शासन में महत्वपूर्ण बदलाव हो सकते हैं, जो संभावित रूप से दीर्घकालिक योजना और विकास को प्रभावित कर सकते हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में समकालिक चुनावों को लागू करना महत्वपूर्ण तार्किक चुनौतियां पेश करता है। पर्याप्त सुरक्षा, कुशल प्रशासन और कई हितधारकों के बीच समन्वय सुनिश्चित करना जटिल हो सकता है और इससे चुनाव कराने में तार्किक विफलताओं या देरी का जोखिम बढ़ सकता है। संविधान संशोधन: विभिन्न स्तरों पर चुनावी चक्र और सरकारों के कार्यकाल को बदलने के लिए संविधान के कई प्रावधानों में संशोधन करने की आवश्यकता होगी, जो एक जटिल और समय लेने वाली प्रक्रिया हो सकती है।

एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव का उद्देश्य चुनावों की आवृत्ति को कम करना और चुनावों के निरंतर चक्र से बचकर अधिक कुशल शासन प्रणाली बनाना है, जो विकास कार्यों को बाधित कर सकता है और महत्वपूर्ण वित्तीय बोझ डाल सकता है। अधिवक्ताओं का तर्क है कि इससे बेहतर नीति निरंतरता होगी, क्योंकि सरकारों के पास बार-बार चुनावों से बाधित हुए बिना अपने कार्यक्रमों को लागू करने के लिए एक निश्चित कार्यकाल और पर्याप्त समय होगा। हालांकि, ₹एक राष्ट्र, एक चुनाव₹ के कार्यान्वयन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और इसके लिए संवैधानिक संशोधनों की आवश्यकता होती है। भारतीय संविधान में कहा गया है कि राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल पाँच वर्ष का होता है, जबकि लोकसभा का कार्यकाल अविश्वास प्रस्ताव या अन्य तरीकों से पहले ही भंग किया जा सकता है। सभी चुनावों को एक साथ कराने के लिए, राज्य विधानसभाओं या लोकसभा को समय से पहले भंग करना होगा या उनके कार्यकाल को संरेखित करने के लिए विस्तारित करना होगा। इसके अतिरिक्त, भारत के राजनीतिक परिदृश्य और देश के संघीय ढांचे की विविधता विभिन्न राजनीतिक दलों और राज्यों के बीच आम सहमति प्राप्त करना जटिल बनाती है। विभिन्न राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक गतिशीलता, क्षेत्रीय मुद्दे और स्थानीय चिंताएं हैं, जो चुनावों के लिए एक केंद्रीकृत दृष्टिकोण के साथ संरेखित नहीं हो सकती हैं।

# पितृ पक्ष पर विशेषः श्रद्धा के बिना अधूरा है श्राद्ध



योगेश कुमार गोयल

हिन्दू धर्म में पितृ पक्ष (श्राद्ध) को अहम माना गया है। श्राद्ध का अर्थ होता है 'श्रद्धापूर्वक।' हमारे संस्कारों और पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने को ही श्राद्ध कहा जाता है। सरल शब्दों में कहें तो दिवंगत परिजनों को उनकी मृत्यु तिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया जाना ही श्राद्ध है। ब्रह्मपुराण के अनुसार उचित काल या स्थान पर पितरों के नाम जो भी वस्तु उचित विधि द्वारा श्रद्धापूर्वक ब्राह्मणों को दी जाए, वह श्राद्ध कहलाता है। पितृ पक्ष को हिन्दू धर्म में 'महालय' या 'कनागत' के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि पितृ पक्ष के दौरान पिंडदान, तर्पण कर्म और ब्राह्मण को भोजन कराने से पूर्वज प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। पितृ पक्ष में लोग अपने पूर्वजों को याद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध कर्म, पिंडदान और तर्पण करते हैं। हिन्दू धर्म में मृत्यु के पश्चात पितरों की याद में श्राद्ध किया जाता है और उनकी मृत्यु की तिथि के अनुसार ही श्राद्ध की तिथि निर्धारित की जाती है। पिंडदान करने के लिए हरिद्वार और गया को सर्वोत्तम माना गया है। वैसे हिन्दू धर्म के अलावा ईसाई, इस्लाम और बौद्ध धर्म में भी अपने पूर्वजों को याद रखने की प्रथा है। पश्चिमी जगत में जहां पूर्वजों की स्मृति में मोमबत्तियां जलाने की प्रथा है, वहीं ईसाई धर्म में व्यक्ति के निधन के चालीस दिनों पश्चात सामूहिक भोज की रस्म की जाती है। इस्लाम में चालीस दिनों बाद कब्र पर फातिहा पढ़ने और बौद्ध धर्म में भी पूर्वजों की याद में कुछ ऐसे ही प्रावधान देखने को मिलते हैं।



हिन्दू धर्म में मान्यता है कि पितृ पक्ष के दिनों में यमराज आत्मा को मुक्त कर देते हैं ताकि वे अपने परिजनों के यहां जाकर तर्पण ग्रहण कर सकें। ऐसी ही मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दिनों में पितर नीचे पृथ्वी पर आते हैं और बिना किसी आ''ान के अपने वंशजों के घर किसी भी रूप में जाते हैं। ऐसे में यदि उन्हें तृप्त नहीं किया जाए तो उनकी आत्मा नाराज होकर अतृप्त लौट जाती है। माना गया है कि यदि पितर नाराज हो जाएं तो जिंदगी मुसीबतों से भर जाती है। इसलिए शास्त्रों में पितरों का श्राद्ध विधिपूर्वक करना जरूरी बताया गया है। मान्यता है कि यदि पितर खुशी-खुशी वापस जाते हैं तो अपने वंशजों को दिए गए उनके आशीर्वाद से घर-परिवार में सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। पितृ पक्ष के दौरान शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। पितृ पक्ष में सगाई, विवाह, मुंडन, गृहप्रवेश, परिवार के लिए महत्वपूर्ण चीजों की खरीददारी, नए कपड़े खरीदना, नया कार्य शुरू करना इत्यादि कोई भी शुभ कार्य करना अच्छा नहीं माना जाता। जिंदगी में सफलता के लिए मेहनत, किस्मत, ईश्वरीय कृपा के साथ-साथ पूर्वजों का आशीर्वाद भी बेहद जरूरी होता है और धर्म एवं ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूर्वजों को सम्मान देने से वे प्रसन्न होते हैं तथा पूरे परिवार पर कृपा करते हैं। इसीलिए हमारे दिवंगत परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में तर्पण-श्राद्ध किया जाता है। पितृ पक्ष में पितरों को जल देने की विधि को तर्पण कहा जाता है। ज्योतिष शास्त्र में पितृ दोष को अशुभ फल देने वाला माना गया है और शास्त्रों के अनुसार पितृ पक्ष में पितरों का तर्पण करने से पितृ दोष से आने वाली परेशानियां दूर होती हैं तथा पितरों का आशीर्वाद मिलता है। देव ऋण, ऋषि ऋण तथा पितृ ऋण का हिन्दू धर्म में विशेष महत्व है और पितृ पक्ष में माता-पिता के प्रति तर्पण करके श्रद्धा व्यक्त की जाती है क्योंकि पितृ ऋण से मुक्त हुए बिना जीवन निरर्थक माना जाता है।

सनातन धर्म के अनुसार देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण से मुक्ति पाए बिना व्यक्ति का पूर्ण कल्याण असंभव है। ऋषि ऋण से स्वाध्याय के जरिये, देवऋण से यज्ञ के जरिये और पितृ ऋण से श्राद्ध तथा तर्पण द्वारा मुक्ति प्राप्त हो सकती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्राद्ध पक्ष में पितरों से संबंधित कार्य करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। महर्षि वेद व्यास के अनुसार जो व्यक्ति श्राद्ध द्वारा अपने पितरों को संतुष्ट करता है, वह पितृ ऋण से मुक्त होकर ब्रह्मलोक को जाता है।


महर्षि जाबालि के अनुसार अपने पितरों का श्राद्ध करने वाले व्यक्ति को पुत्र, आयु, आरोग्य, ऐश्वर्य और इच्छित फल की प्राप्ति होती है। श्राद्ध पक्ष के दौरान दिन में सोना, असत्य भाषण, रति क्रिया, सिर और शरीर पर तेल, साबुन, इत्र आदि लगाना, मदिरापान करना, लड़ाई-झगड़ा, वाद-विवाद, अनैतिक कृत्य तथा किसी भी जीवधारी को कष्ट पहुंचाना निषेध माना गया है। पितृपक्ष को लक्ष्मी और ज्ञान की साधना के लिए उत्तम काल माना गया है। पितरों के निमित्त आयोजित किए जाने वाले पितृ पक्ष को आत्मबोध के लिए भी अति उत्तम तथा जीवन के संघर्ष को उत्कर्ष में परिवर्तित करने का समय माना गया है। हिन्दू धर्म ग्रंथों के अनुसार श्रद्धा से किया गया श्राद्ध पूर्वजों तक पहुंचे या न पहुंचे लेकिन यह जीवन में उन्नति और प्रगति के द्वार अवश्य खोल सकता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# उत्तराखंड के सरोकारों पर लिखा गया उपन्यास 'मर्यादा'



योगेश भट्ट





**पुस्तक : मर्यादा**
**लेखक : कर्नल सी.एम.नौटियाल**
**प्रकाशन : श्री नटराज प्रकाशन**
**मूल्य : 750/- रुपये**
**संस्करण : प्रथम 2024**
**पृष्ठ : 240, अध्याय : 7**
**आवरण : शशिकांत सिंह**
**समीक्षक : योगेश भट्ट**

उत्तराखंड के सरोकारों पर लिखा गया उपन्यास 'मर्यादा' में उत्तराखंड के मानव की दिनचर्या में शामिल देबों की उपासना तथा 'मर्यादा' के बंधनों से जुडे व्यक्तित्व की पराकाष्ठा को उजागर करता है। इसकी मुख्य वजह समृद्ध संस्कृति, सभ्यता, सामाजिक मान्यताओं का उत्तराखंड में होना है। लेखक कर्नल नौटियाल जो मूलतः उत्तराखंड से हैं, अनेक उच्च पदों पर रहते हुए ग्रामीण पृष्ठभूमि से चलकर महानगरो की अनेक सभ्यता संस्कृति से रूबरू होते हुए पुनः उत्तराखंड की धरती में रहकर उत्तराखंड को फोकस करने के उद्देश्य से निर्बाध रूप से लेखन कार्य में जुटे हुए हैं। उपन्यास 'मर्यादा' उनके लेखन कार्य का 25 वां सोपान है।

'मर्यादा' के महत्व को उजागर करते हुए लेखक बताने से नही चूकते कि 'मर्यादा' का एक बार उल्लंघन क्षमा की परधि में तो आ सकता है किन्तु इसकी पुनरावृत्ति किसी भी दृष्टिकोण से क्षमा के काबिल नही हो सकती है। 'मर्यादा' का सम्मान जीवन है तो इसका उल्लंघन जीवन की त्रासदी। उपन्यास 'मर्यादा' स्वर्गीय पुष्पा नौटियाल को समर्पित है। जो लेखक की धर्मपत्नी रही हैं। उनकी प्रेरणा से ही इस उपन्यास का सृजन हुआ। उनके सुझाए गए सुझावों से अपने मूल गांव बसडांग की गोदा बुआ(गोदावरी) का चरित्र राष्ट्रीय फलक पर उभर कर आ पाया। गांव में कहावत है कि गांव का जोगी जोगणा। बाहर का जोगी सिद्ध।। स्वर्गीय पुष्पा नौटियाल उनके गोदा बुआ(गोदावरी) के चरित्र से शुरू से ही प्रभावित रही। जिसने संघर्ष करते हुए। दृढ संकल्प लेते हुए न अपना जीवन सार्थक किया अपितु अपने परिवार, स्कूल, समाज में महिलाओं को सम्मान जनक स्थिति में लाकर खड़ा किया। इसके साथ साथ गांव के सूमा, चन्दा, पण्या गांव, बसडांग गांव, नौटियाल परिवारों का गांव, स्कूल कोलाखाल, को राष्ट्रीय फलक पर उभारकर हमेशा हमेशा के लिए अमर कर गई।

उपन्यास सात भागों में बांटा हुआ है जिसमें उत्तराखंडवासियों के रहन सहन, संस्कृति, सभ्यता, अंधविश्वास, संघर्ष, उच्च आदर्श मापदंड संजोए हुए लेखक पात्रों की मनोदशा का भी बखूबी चित्रण करते हुए सफल मनोवैज्ञानिक की प्रामाणिकता का निर्वाह करते हुए पात्रों के साथ साथ 240 पृष्ठों तक पाठक की जिज्ञासा व रोचकता को बराबर बनाए रखने में सफल हुए हैं। यही इस उपन्यास की सार्थकता भी है। भाषा विन्यास की दृष्टि से भाषा गद्य न होकर पद्यात्मक है।

# आयुष्मान भारतः भारत की स्वास्थ्य यात्रा में मील का पत्थर



जगत प्रकाश नड्डा

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB - PMJA) की छठी वर्षगांठ गर्व और चिंतन का क्षण है। सितंबर 2018 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई एबी-पीएमजेएवाई आज दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना में से एक बन चुकी है। यह योजना इस सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर वर्गों, के लिए समान स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाए। पिछले छह वर्षों में इस महत्वाकांक्षी योजना ने लाखों जिंदगियों को छुआ है, उन्हें आशा, उपचार और कई मामलों में जीवनरक्षक उपचार प्रदान किया है। एबी-पीएमजेएवाई की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि एक राष्ट्र जब अपने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ एकजुट होता है तो क्या कुछ हासिल कर सकता है।

आयुष्मान भारत का मुख्य मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी भारतीय अपनी वित्तीय स्थिति के कारण स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। माध्यमिक और तृतीयक अस्पताल देखभाल को कवर करने के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये के वार्षिक कवरेज के साथ, एबी-पीएमजेएवाई ने आर्थिक रूप से वंचित परिवारों को देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में मुफ्त में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने का साधन प्रदान किया है। हाल ही में भारत सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के आय वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एबी-पीएमजेएवाई के लाभों का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जो हमारे देश में बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले, हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जैसे आशा बहनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायकों के परिवारों को योजना के दायरे में लाया गया था। 55 करोड़ से अधिक लोग योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आज पात्र हैं। अभी तक 7.5 करोड़ से अधिक सफल उपचार प्रदान किए गए हैं जिस पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च हुआ है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। जो परिवार स्वास्थ्य खर्च के कारण गरीबी में धकेल दिए जाते थे, उनके लिए अब यह योजना वित्तीय ढाल साबित हो रही है। योजना के तहत लाभार्थी किसानों से लेकर दैनिक मजदूरों तक के कथन इस बात का प्रमाण है कि यह योजना उन्हें आर्थिक परेशानी से बचा रही है। इस मायने में, आयुष्मान भारत ने वास्तव में अपने वादे को पूरा किया है।

इस योजना में उपचार का दायरा बहुत व्यापक है, जो 1900 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं को कवर करता है, जिनमें हृदय बाईपास या ज्वाइंट रिप्लेसमेंट जैसी जटिल सर्जरी से लेकर कैंसर और गुर्दे की बीमारियों के उपचार तक शामिल हैं। ये ऐसे उपचार हैं जो पहले तमाम लोगों के लिए पहुंच से बाहर थे, लेकिन अब एबी-पीएमजेएवाई ने उन्हें सुलभ, किफायती और सभी के लिए उपलब्ध बना दिया है।

### विस्तृत नेटवर्क और मजबूत सिस्टम

एबी-पीएमजेएवाई की एक विशेषता इसका मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नेटवर्क तैयार करने की क्षमता रही है। आज, भारत भर के 29,000 से अधिक अस्पताल, जिनमें 13,000 से अधिक निजी अस्पताल शामिल हैं, योजना के तहत सूचीबद्ध हैं। यह नेटवर्क ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि देश के सबसे दूरस्थ हिस्सों में रहने वाले लोग भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकें। योजना की अद्वितीय पोर्टेबिलिटी सुविधा ने यह सुनिश्चित किया है कि लाभार्थी अपने राज्य के अलावा देश भर के अस्पतालों में इलाज करवा सकते हैं। इस विशाल नेटवर्क को एक मजबूत आईटी बुनियादी ढांचे द्वारा समर्थित किया गया है जो दावों के निपटान में पारदर्शिता, दक्षता और गति सुनिश्चित करता है। आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन और पेपरलेस क्लेम प्रोसेसिंग के कार्यान्वयन ने धोखाधड़ी और अक्षमता को काफी हद तक कम किया है, जो अक्सर ऐसी बड़ी सार्वजनिक कल्याण योजनाओं में एक बड़ी चुनौती होती है। आयुष्मान भारत की सफलता ने स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र के अन्य हिस्सों में भी सुधार को उत्प्रेरित किया है। योजना के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पर जोर ने सार्वजनिक और निजी दोनों अस्पतालों को अपने बुनियादी ढांचे और सेवाओं को उन्नत करने के लिए प्रेरित किया है। इसके अतिरिक्त, इसने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण विकसित किया है, जो प्रदाताओं को रोगी कल-याण को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### समग्र स्वास्थ्य सेवा

आयुष्मान भारत सिर्फ माध्यमिक और तृतीयक स्तरीय अस्पताल चिकित्सा के बारे में नहीं है। एबी-पीएमजेएवाई के साथ-साथ, सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर (अआट) के निर्माण के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर भी काम कर रही है। ये स्वास्थ्य केंद्र सुरक्षात्मक और प्रोत्साहक स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य जनसंख्या में कुल रोगों के भार को कम करना है। अब तक, पूरे भारत में 1.73 लाख से अधिक अआट स्थापित किए जा चुके हैं, जो सामान्य बीमारियों और मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी चिरकालिक परिस्थितियों के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग, निदान और दवाएं प्रदान कर रहे हैं। ये केंद्र व्यापक और समग्र स्वास्थ्य देखभाल मॉडल की ओर हमारे प्रयास के केंद्र में हैं। कल्याण (वेलनेस) और प्रारंभिक निदान को बढ़ावा देकर, हम अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता को कम करने और स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को लंबे समय में और अधिक स्थाई बनाने की उम्मीद करते हैं।

### चुनौतियों को पार करके आगे बढ़ना

आयुष्मान भारत की उपलब्धियों का हर्ष मनाते हुए हमें आगे आने वाली चुनौतियों को भी स्वीकार करना चाहिए। योजना का पैमाना विशाल है और इसके साथ इसे लगातार अनुकूलित, परिष्कृत और सुधारने की जिम्मेदारी आती है। हम योजना की पहुंच को बढ़ाने, अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और हर लाभार्थी को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। आगे बढ़ते हुए, हम आयुष्मान भारत को मजबूत करना जारी रखेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह भारत की समग्र, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की यात्रा में सबसे आगे बना रहे। हम योजना के तहत कवर किए गए उपचारों की सूची का विस्तार करने, सूचीबद्ध अस्पतालों की संख्या बढ़ाने और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सफल निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### स्वस्थ भारत का सपना

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में मेरा दृढ़ विश्वास है कि किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है। स्वस्थ जनता देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ, मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है। अब तक की योजना की सफलता सरकार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और लोगों के बीच की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और सहयोग को दर्शाती है। हम प्रत्येक नागरिक के कल्याण और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

# शर्मनाक : तिरुपति मंदिर के लड्डू में चरबी श्रद्धा से धोखा!



मनोज कुमार अग्रवाल

आंध्र प्रदेश में स्थित लाखों-करोड़ों लोगों के आस्था के केंद्र तिरुपति तिरुमला मंदिर को लेकर बड़ी खबर सामने आई है. प्रसिद्ध मंदिर में मिलने वाले लड्डू में मिलावट की बात सामने आई है. नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड ने लड्डू में चर्बी और बीफ मिले होने की पुष्टि की है. नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड की रिपोर्ट में सनसनीखेज खुलासा किया गया है। बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, तिरुपति मंदिर का लड्डू बनाने में मछली का तेल, बीफ और चर्बी का इस्तेमाल किया गया है। इस रिपोर्ट के खुलासे के बाद देश भर में फैले तिरुपति के करोड़ों श्रद्धालुओं में रोष और नाराजगी फैल गई है। अब यह मामला आंध्र की राजनीति में परस्पर कीचड़ उछालने का मुद्दा बन गया है। पक्ष और प्रतिपक्ष एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं वहीं राम मंदिर उद्घाटन समारोह के अवसर पर तिरुपति मंदिर संस्थानम ने तीन टन लड्डू भेंट के लिए भेजे थे अब सवाल उठाया जा रहा है कि राम मंदिर उद्घाटन समारोह में आए ये लड्डू भी कहीं मिलावटी घई से तो नहीं बनाए गए थे।

टीडीपी के प्रवक्ता अनम वेंकटा रमन रेड्डी ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह कथित लैब रिपोर्ट पेश की। इसमें दिए गए घी के नमूने में बीफ टैलो (पशुओं की चर्बी) की मौजूदगी की पुष्टि की गई है। कथित रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन नमूनों में 'लार्ड' (सूअर की चर्बी से संबंधित) और मछली के तेल की भी मौजूदगी है।

चौंकाने वाली बात यह है कि प्रसाद के तौर इन लड्डुओं का वितरण न केवल श्रद्धालुओं के बीच किया गया, बल्कि भगवान को भी प्रसाद के तौर पर यही लड्डू चढ़ाया जाता था

जानकारी के अनुसार, नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड की रिपोर्ट में तिरुपति मंदिर के लड्डू और अन्नदानम के सैम्पल की जांच में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। दूसरी तरफ, तिरुपति मंदिर में प्रसाद के तौर पर दिए जाने लड्डू को लेकर आंध्र प्रदेश में सियासी तूफान उठ खड़ा हुआ है. मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने वाईएस जगन मोहन रेड्डी को घेरते हुए आरोप लगाया कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार ने तिरुमला में तिरुपति लड्डू प्रसादम तैयार करने के लिए घी की जगह जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया। यह प्रसाद भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में आने वाले करोड़ों भक-तों को दिया जाता है. सीएम नायडू ने आरोप लगाते हुए कहा था कि तिरुमाला के लड्डू भी घटिया सामग्री से बनाए गए थे।

अमरावती में एनडीए विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने यह भी कहा था कि लड्डू तैयार करने के लिए अब शुद्ध घी का इस्तेमाल किया जा रहा है और मंदिर में हर चीज को सैनिटाइज किया गया है। इससे गुणवत्ता में सुधार हुआ है. आंध्र प्रदेश के आईटी मंत्री नारा लोकेश ने पर चंद्रबाबू नायडू की टिप्पणी को शेयर करते हुए इस मुद्दे पर जगन मोहन रेड्डी पर निशाना साधा और कहा कि वाईएसआरसीपी सरकार भक्तों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान नहीं कर सकती। नारा लोकेश ने लिखा, 'तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर हमारा सबसे पवित्र मंदिर है. मैं यह जानकर हैरान हूं कि जगन प्रशासन ने तिरुपति प्रसादम में घी की जगह जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया. जगन और वाईएसआरसीपी सरकार पर शर्म आती है, जो करोड़ों भक्तों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान नहीं कर सके.'





सीएम चंद्रबाबू नायडू के इन आरोपों से आंध्र प्रदेश की सियासत में तूफान खड़ा हो गया है. इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) की अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने पर लिखा कि चंद्रबाबू नायडू को एक हाई-लेवल कमेटी बनानी चाहिए और सीबीआई को सच्चाई का पता लगाने देना चाहिए. उधर, वाईएसआरसीपी के राज्यसभा सांसद वाईवी सुब्बा रेड्डी ने भी विवाद पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि नायडू राजनीतिक लाभ के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा करके मुख्यमंत्री ने दिव्य मंदिर तिरुमाला की पवित्रता और करोड़ों हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाया। सीएम नायडू के इस बयान पर जगन मोहन रेड्डी की पार्टी ने जवाब दिया. इसमें कहा गया कि चंद्रबाबू नायडू ने दिव्य मंदिर तिरुमाला की पवित्रता और करोड़ों हिंदुओं की आस्था को नुकसान पहुंचाकर बहुत बड़ा पाप किया है। चंद्रबाबू नायडू द्वारा तिरुमाला के प्रसाद पर की गई टिप्पणी बेहद घटिया है। मनुष्य जन्म में जन्मा कोई भी व्यक्ति ऐसे शब्द नहीं बोलता और न ही ऐसे आरोप लगाता है. एक बार फिर यह साबित हो गया है कि राजनीति के लिए चंद्रबाबू कुछ भी गलत करने से नहीं हिचकिचाएंगे। रेड्डी ने कहा कि भक्तों की आस्था को मजबूत करने के लिए मैं और मेरा परिवार तिरुमाला प्रसाद के मामले में शपथ लेने के लिए तैयार है. क्या चंद्रबाबू भी अपने परिवार के साथ शपथ लेने के लिए तैयार हैं?

आपको बता दें कि देश के बड़े मंदिरों में एक श्री वेंकटेश्वर मंदिर आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में तिरुमाला पहाड़ी पर बना है। यह तिरुपति बालाजी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है। इन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। मान्यता है कि भगवान वेंकटेश्वर ने लोगों को कलियुग के कष्टों और परेशानियों से बचाने के लिए अवतार लिया था। एक रिपोर्ट के अनुसार यहां बालों का दान किया जाता है। मान्यता है कि जो व्यक्ति अपने मन से सभी पाप और बुराइयों को यहां छोड़ जाता है, उसके सभी दुःख देवी लक्ष्मी खत्म कर देती हैं। इसलिए यहां अपनी सभी बुराइयों और पापों के रूप में लोग अपने बाल छोड़ जाते हैं।

आपको बता दें कि सभी मंदिरों में भगवान को चढ़ाया गया तुलसी पत्र बाद में प्रसाद के रूप में भक्तों को दिया जाता है। अन्य वैष्णव मंदिरों की तरह यहां पर भी भगवान को रोज तुलसी पत्र चढ़ाया तो जाता है, लेकिन उसे भक्तों को प्रसाद के रूप में नहीं दिया जाता। पूजा के बाद उस तुलसी पत्र को मंदिर परिसर में मौजूद कुएं में डाल दिया जाता है। भगवान विष्णु को कहते हैं वेंकटेश्वरः इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यह मेरू पर्वत के सप्त शिखरों पर बना हुआ है, इसकी 7 चोटियां शेषनाग के सात फनों का प्रतीक कही जाती हैं। इन चोटियों को शेषाद्रि, नीलाद्रि, गरुड़ाद्रि, अंजनाद्रि, वृषटाद्रि, नारायणाद्रि और व्यंकटाद्रि कहा जाताहै। इनमें से व्यंकटाद्रि नाम की चोटी पर भगवान विष्णु विराजित हैं और इसी वजह से उन्हें व्यंकटेश्वर के नाम से जाना जाता है।

तिरुपति देवस्थानम के प्रसाद के लड्डुओं में पशु चरबी और मछली के तेल की मौजूदगी मिलने से करोड़ों शाकाहारी श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास पर गहरा आघात भरा धक्का लगा है इस तरह की गड़बड़ी बताती है कि भ्रष्टाचार हमारे समाज की जड़ों में कितना गहरे तक आ चुका है कि मंदिर के प्रसाद के तैयारी के घी में भी चरबी के घी का इस्तेमाल कर दिया गया। यह करोड़ों हिन्दू श्रद्धालुओं की आस्था से धोखा है इसकी सघन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह के बलिदान दिवस पर रावणा राजपूत समाज का कोटा में महाकुंभ आयोजित

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने कोटा में हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह के बलिदान दिवस और सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक को किया संबोधित

## देवली में मेजर दलपत सिंह के पैनोरेमा बनाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा

चमकता राजस्थान





जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कोटा में हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह देवली के 106 वां बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। वहीं दूसरी ओर भाजपा कोटा शहर जिला सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से चर्चा की। कोटा प्रवास के दौरान जयपुर से लेकर कोटा तक रास्ते में कई जगहों पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। राठौड़ ने सभी कार्यकर्ताओं की ओर से मिले स्नेह, प्यार और मान सम्मान का आभार व्यक्त किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने रावणा राजपूत समाज की मांग पर घोषणा की कि देवली में मेजर दलपत सिंह के पैनोरेमा बनाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा। भाजपा सरकार इस ओर जल्द सकारात्मक कदम उठाएंगी। राठौड़ ने कहा कि हाइफा युद्ध में अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परिचय देने वाले मेजर दलपत सिंह हम सभी के लिए सम्माननीय है। देश-विदेश में जिनकी गौरव गाथा प्रसिद्ध है ऐसे महान योद्धा को मैं नमन करता हूं। मेजर दलपत सिंह का शौर्य, साहस और बलिदान किसी एक समाज के लिए नहीं, बल्कि सभी वर्ग, समाज के लिए प्रेरणादायक है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि एक दौर वो था जब सिर काटकर युद्ध जीता जाता था, लेकिन आज राजनीति में सिर जोड़कर युद्ध जीता जाता है। राजनीति में सभी समाजों को एक साथ लेकर चलने वाले को राजनैतिक पार्टियां स्थान देती है। राजनीति में सेवा भाव से कार्य करने वाले और सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति को भाजपा भी घर से बुलाकर तिलक करती है।

### लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने किया वर्चुअली संबोधित

भाजपा रावणा राजपूत समाज की कर्जदार है। मेरा समाज की बहनों से आह्वान है कि वे आगे बढ़े और राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाए। इस अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि मेजर दलपत सिंह जी का जीवन न केवल वीरता और देशभक्ति का उदाहरण है, बल्कि अनुशासन, साहस, और सेवा भावना से भरा एक प्रेरणास्त्रोत भी है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कर्तव्यपालन और राष्ट्रप्रेम से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। समाजबंधुओं का आह्वान किया वे अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर उन्नति करें और समाज को भी ऊंचाइयों पर ले जाने का काम करें। कार्यक्रम में रावणा राजपूत समाज के प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाड़ी उपखण्ड के घड़ी खिराने गांव में जाटव समाज के लोगों का नारकीय जीवन जीना

- गांव की ओर नहीं है! सरपंच का ध्यान



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)** की प्रमुख खबर, बाड़ी उपखण्ड के घड़ी खिराना गांव में जाटवों का नरकीय जीवन जीना है, गांव घड़ी खिराने की गलियों में हर मौसम में कीचड़ भरा रहता है, कीचड़ से इस आम रास्ते से निकलने वाले लोग जैसे बुजुर्ग, विद्यालय जाने वाले बच्चे, बीमार व्यक्ति, महिलाएं आए दिन कीचड़ में गिर पड़ती हैं, यहां के लोगो का जीवन काफी परेशानी से गुजर रहा है! कई बार सरपंच को मौखिक रूप से शिकायत भी की गई है, सरपंच के कान पर जू तक नहीं रेगा ग्राम पंचायत के विकास के लिए सरपंचों के यहां करोड़ की बजट राशि आती है! विकास के नाम पर जीरो सरपंच अपनी जेब भरने में लगा हुआ हैं! नहीं है, गांव की पीड़ा की ओर मैं उच्च अधिकारियों का ध्यान दिलाना चाहूंगा! जैसे जिला कलेक्टर महोदय श्रीनिधि बीटी, विकास अधिकारी पंचायत समिति बाड़ी रामबोल सिंह गुर्जर , विधायक विधानसभा बाड़ी , सी ओ जिला परिषद धौलपुर, इस गांव की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा, देखिए गांव की गलियों का नजारा, रास्ते पर कीचड़ व पानी भराव हो रहा है! जिसमे (निकलने ) आने- जाने वालों को काफी परेशानी व-वहां पर निवास करने वाले जाटव समाज के व्यक्तियों का निकालना वहाँ पर रहना कीचड़, पानी भराव को लेकर बीमारियां उत्पन्न हो रही है! इस गांव की गलियों में मय नाली निर्माण सहित खरंजा करवा कर इस समस्या का समाधान कारये।

### पूर्व राज्यमंत्री राजीव अरोड़ा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आडवाणी चैरिटेबल ट्रस्ट का कार्यक्रम



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** पूर्व राज्यमंत्री और जयपुर सिटिजन फोरम के अध्यक्ष, समाजसेवी राजीव अरोड़ा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जयपुर में आडवाणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेवा कार्यक्रम किया गया। इसके अंतर्गत राजीव अरोड़ा और ट्रस्ट के लोगों ने शहर के जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाई के लिए कुर्सियां, बिस्किट, चॉकलेट, नमकीन आदि वितरित किए। इस अवसर पर अरोड़ा ने कहा कि बच्चों की शिक्षा में निवेश सर्वोत्तम निवेश है, इससे देश और समाज का नवनिर्माण होता है। आडवाणी चेरिटेबल ट्रस्ट के हितेश आडवाणी, सुनीता आडवाणी, अशोक सेवानी, अनूप टांक, हिमांशु शर्मा तथा अनेक जन इस दौरान उपस्थित रहे, तथा बच्चों को उन्नत एवं खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने 52 अटल प्रगति पथों के लिये 206 करोड़ रुपए स्वीकृत किए

चमकता राजस्थान



जयपुर। उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश में लगभग 206.35 करोड़ रुपये की लागत के अटल प्रगति पथों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि बजट घोषणा के क्रम में 10,000 से ज़्यादा की आबादी के गांवों में एक मुख्य सड़क को जिसकी लंबाई 1 से 3 किमी के बीच हो को अटल प्रगति पथ के रूप में विकसित किया जाएगा। यह अटल पथ सीमेंट कंक्रीट का बनाया जाएगा।यह यथासंभव 7 मीटर चोड़ा होगा और इसके दोनों और नाली बनाने का प्रावधान भी किया गया है। परिवर्तित बजट 2024-25 घोषणा के क्रम में अटल प्रगति पथ के 52 कार्यों की स्वीकृति जारी की गई है। किशनगढ़,पुष्कर,सोजत,जैतारण,मण्डल,डीडवाना,डेगाना, मेड़ता, शाहपुरा-बनेड़ा गढ़ी,घाटोला,पचपदरा,सिवाना,बाड़मेर, राजाखेड़ा, हिण्डौन ,रतनगढ़, सुजानगढ़, तारानगर नोहर , पिलानी, सूरजगढ़, दांतारामगढ़ शाहपुरा, चौमूं , झोटवाड़ा, आमेर, झालरापाटन, डीग, पीपल्दा, लालसोट, सिकराय, खण्डार, बाली, सोजत, भोपालगढ़, ओसियां, बिलाड़ा, लूणी, जालोर एवं रेवदर विधानसभा क्षेत्रों के गांवों के लिए अटल प्रगति पद स्वीकृत किए गए हैं।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने 650 करोड़ की लागत के 1265 कामों को दी स्वीकृति

### बीपरजॉय से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं नवीन सड़कों का होगा निर्माण

चमकता राजस्थान

**जयपुर,23 सितंबर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश 650.11 करोड़ की लागत के 1265 कार्यों को मंजूरी प्रदान की है।

उन्होंने बताया कि कुल 1265 सड़कों व पुलियाओ की मरम्मत व जीर्णोद्वार तथा नवीन कार्यों के लिए यह स्वीकृति प्रदान की गई है।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अजमेर ,बाँसवाड़ा, बारा, बाड़मेर, ब्यावर, भरतपुर, बीकानेर,बूँदी, चित्तौड़गढ़ ,चूरू, दौसा, डीडवाना, डूंगरपुर ,हनुमानगढ़ ,जयपुर ग्रामीण ,जालोर ,झालावाड़, जोधपुर ग्रामीण, करौली ,खेरथल, कोटा ,पाली ,प्रतापगढ़ और सांचौर में लगभग 419 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से 960 नवीन सड़को के कार्य स्वीकृत किए गए है।

इसी प्रकार प्रतापगढ़ राजसमंद, सिरोही ,टोंक, सलूम्बर ,उदयपुर ग्रामीण, और उदयपुर शहर में 230.24 करोड़ की लागत के 305 कार्य मरम्मत हेतु स्वीकृत किए गए है।

### स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता जन जागरूकता रैली का आयोजन



**चमकता राजस्थान/ धौलपुर(रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बाड़ी के निर्देशानुसार विवेकानंद कॉन्वेंट उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रों द्वारा इतनी शक्ति हमें दे न दातार प्रार्थना से रैली की शुरुआत की।

नगरपालिका बाड़ी के अध्यक्ष प्रतिनिधि होतम सिंह और बी जे पी के पूर्व प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश बागथरिया ने हरी झंडी दिखाकर किया रैली को रवाना स्वच्छता ही सेवा को सरोकार करने हेतु, दिनांकः- 23/09/2024 को विवेकानंद कॉन्वेंट उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी स्वच्छता रैली निकालकर आमजन को सूखा / गीला कचरा अलग अलग कर नगर पालिका के कचरा वाहन में डालने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के छात्रों को सूखा गीला कचरा के मॉडल पहनाकर कचरे को अलग अलग सूखा गीला करके नगरपालिका गाड़ी में डालने के लिए प्रेरित किया। रैली में स्वच्छता के नारे लगाये गये रैली वचन पैलेस से सब्जी मंडी चौराहा, मुख्य बाजार , अग्रसेन मार्केट, गर्ल्स स्कूल, हॉस्पिटल रोड होते हुए वचन पैलेस पर संपन्न हुई। विष्णु यादव ने गांधी जी बनकर दुकानदारों को डस्टबिन का उपयोग कर कचरा नगरपालिका की गाड़ी में डालने के लिए और अपने आस पास स्वच्छता बनाए रखने के लिए कहा। रैली का उद्देश्य मुख्य बाजार के दुकानदारों को स्वच्छता के लिए प्रेरित कर हर दुकान पर डस्टबिन का उपयोग करने की अपील की । भाजपा रळ मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजबहादुर मीणा ने समस्त नगर वासियों से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में जुड़कर अपने वार्ड कॉलोनी शहर को सफाई करने की अपील की।भाजपा जिला महामंत्री अनिल गोयल ने बताया की इस स्वच्छता महापर्व मे सभी को अपनी भागीदारी अवशय सुनिश्चित करनी चाहिए। मोके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि होतम सिंह,एम.आई.एस. मैनेजर विवेक मीणा, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष दिनेश मामा, नगर पालिका पार्षद गण , विवेकानंद स्कूल के अध्यापक एवं प्रधानाध्यापक, एवं टीम बेसिक्स सिटी इंचार्ज हरिसिंह राजपूत, किशोरी भटेले, सतीश गुर्जर, कवित सारस्वत, प्रमोद सारस्वत, मोनिका शर्मा उपस्थित रहे।

## विशेष योग्यजन बच्चों के लिए आयोजित हुई प्रतियोगिताएं

## राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर सतीश चंद के निर्देशानुसार

चमकता राजस्थान



**धौलपुर( रामदास तरुण)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय इन्फेन्ट धौलपुर में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए पूर्ण रूप से समर्पित, विधिक जागृति के लिए जिला स्तर पर रालसा स्पोर्टस फॉर अवेयरनेस उडान के तहत खेलकूद की विभिन्न प्रतियोगिताएं का आयोजन किया गया। जिसमे सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) रेखा यादव द्वारा कबड्डी मे विजेता प्रथम टीम रिहान अहमद, निशान्त सिंह, दिव्यांश मंगल, जिज्ञांश मथुरिया, आर्यन धुरैया, करन बधेल, रोहित को 600/-रू0 नगद पुरूस्कार व प्रत्येक टीम खिलाडी को गोल्ड मैडल तथा प्रमाण-पत्र, इसी प्रकार कबड्डी की द्वितीय विजेता टीम अभिषेक सिंह, हर्षवर्धन, देव शर्मा, मोहित, देवेन्द्र, दीपक को 300/-रू0 नगद पुरूस्कार एवं प्रत्येक टीम खिलाडी को सिल्वर मैडल एवं प्रमाण-पत्र, शोर्ट पुट मे प्रथम रहे रिहान अहमद को 500/-रू0 नगद पुरूस्कार एवं गोल्ड मैडल तथा प्रमाण-पत्र, इसी प्रकार द्वितीय रहे निशान्त सिंह को 300/-रू0 नगद पुरूस्कार एवं प्रमाण-पत्र तथा तृतीय रहे दिव्यांश मंगल को 200/-रू0 नगद पुरूस्कार एवं ब्राउन्ज मैडल तथा प्रमाण-पत्र, लम्बी कूद मे प्रथम रहे निशान्त सिंह को 500/-रू. नगद पुरूस्कार एवं गोल्ड मैडल तथा प्रमाण-पत्र, द्वितीय रहे दिव्यांश मंगल को 300/-रू0 नगद पुरूस्कार एवं सिल्वर मैडल तथा प्रमाण-पत्र, तृतीय रहे रिहान अहमद को 200/-रू0 नगद पुरूस्कार एवं ब्राउन्ज मैडल तथा प्रमाण-पत्र, चित्रकला मे प्रथम रहे इच्छा सोनवार को 500/-रू0 नगद पुरूस्कार, गोल्ड मैडल एवं प्रमाण-पत्र, द्वितीय रहे प्रतिष्ठा को 300/-रू0 नगद पुरूस्कार एवं सिल्वर मैडल तथा प्रमाण-पत्र, तृतीय रहे अनमोल को 200/-रू0 नगद पुरूस्कार एवं ब्राउन्च मैडल तथा प्रमाण-पत्र, कैरम मे प्रथम रहे सौम्या को 500/-रू0 नगद पुरूस्कार एवं गोल्ड मैडल तथा प्रमाण-पत्र, द्वितीय रहे तमन्ना को 300/-रू0 नगद पुरूस्कार एवं सिल्वर मैडल तथा प्रमाण-पत्र, तृतीय रहे बैष्णवी को 200/-रू0 नगद पुरूस्कार एवं ब्राउन्ज मैडल, बैडमिन्टन मे प्रथम रहे इच्छा सोनवार को 500/-रू0 नगद पुरूस्कार एवं गोल्ड मैडल तथा प्रमाण-पत्र, द्वितीय रहे प्राची को 300/- नगद पुरूस्कार एवं सिल्वर मैडल तथा प्रमाण-पत्र एवं तृतीय रहे कल्पना मीना को 200/-रू0 नगद पुरूस्कार एवं ब्राउन्ज मैडल तथा प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर श्री विजेन्द्र पर्यवेक्षक एवं श्री विजय शर्मा सह पर्यवेक्षक, प्रतियोगिता आयोजित कराने वाले पीटीआईगण एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय इन्फेन्ट धौलपुर के समस्त स्टॉफगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ सहायक जगदीश सिंह जादौन, कनिष्ठ सहायक सुरेन्द्र सिंह एवं शिवानी आदि मौजूद रहें।

# राष्ट्रीय पोषण अभियान के पोषण माह अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## कागज़ पर उकेरा सन्देश जन जन तक हो प्रचारित : अतिरिक्त जिला कलक्टर

चमकता राजस्थान

**धौलपुर( रामदास तरुण)** । धौलपुर, 23 सितंबर 24 को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में मनाए जा रहे! पोषण माह अंतर्गत राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राधा बिहारी रोड धौलपुर में किशोरी बालिकाओं की पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेंद्र सिंह ने कहा कि पोषण माह के अंतर्गत उक्त प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित कराना बहुत ही सराहनीय पहल है। पोषण के सम्बंध में विभिन्न सन्देश यथा एनीमिया नियंत्रण, पौष्टिक आहार का महत्व, पर्यावरण संरक्षण के बारे में जन जन तक प्रचारित हों और वास्तव में पोषण अभियान की संकल्पना सार्थक हो। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि आप न केवल स्वयं के परिवार बल्कि समाज और देश का भविष्य हैं। निःसन्देह आप इस दिशा में सार्थक कार्य कर सकते हैं!उन्होंने पेंटिंग प्रतियोगिता प्रभारी व्याख्याता भगवान सिंह मीना एवं अन्य शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने नन्हे मुन्ने बच्चों के पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने एवं पोस्टर बनाने के उत्साह और उमंग की सराहना करते हुए हर्ष जताया और सभी के द्वारा बनाए गए पेंटिंग्स का अवलोकन किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिला बाल विकास के उपनिदेशक भूपेश गर्ग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पोषण अभियान 1 सितंबर से लेकर 30 सितंबर चलाया जा रहा है इसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है ताकि आमजन को जागरूक किया जा सके। आज की प्रतियोगिता शिक्षा विभाग के समन्वय से की गई है। उन्होंने प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा एवं उप प्राचार्य बिंदुरानी सहित स्टाफ के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता प्रभारी व्याख्याता भगवान सिंह मीना ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में 250 छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें जूनियर वर्ग की 70 एवं सीनियर वर्ग की 180 छात्राएं थी। दोनों वर्गों की विजेता छात्राओं को जिला स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा। उप प्राचार्य बिंदुरानी ने स्वागत एवं आभार उद्बोधन दिया। इस अवसर पर सीडीपीओ बसेड़ी रत्नेश यादव, जिला समन्वयक पोषण अभियान विमल मुद्गल, नरगिस, व्याख्याता मंजू जादौन, प्रियंका जिंदल, वरिष्ठ अध्यापक सुचेता शर्मा, ममता दीक्षित, बबिता गर्ग सहित अन्य मौजूद रहे!



## संक्षिप्त समाचार

### लाइट्स पोर्टल पर न्यायिक प्रकरणों के इन्द्राज व अद्यतन के संबंध में बैठक आयोजित



**चमकता राजस्थान/धौलपुर (रामदास तरुण)।** धौलपुर, 23 सितम्बर 24 को न्याय विभाग के पोर्टल लाईट्स पर न्यायिक प्रकरणों के इन्द्राज, अद्यतन एवं न्यायिक प्रकरणों के दस्तावेज अपलोड करने की प्रगति की समीक्षा बैठक सोमवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने लाईट्स पोर्टल में जवाब दावा पेश करने से शेष 3 माह से 1 वर्ष एवं 1 वर्ष से अधिक के न्यायिक प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए उनमें नियमानुसार कार्यवाही करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में उन्होंने निर्णित प्रकरणों की पालना व अपील से शेष न्यायिक प्रकरण, न्यायिक प्रकरणों में आगामी सुनवाई की तिथि का अद्यतन एवं इंद्राज तथा 10 से 20 वर्ष एवं 20 वर्ष से अधिक अवधि के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। इस दौरान लाईट्स पोर्टल पर न्यायिक प्रकरणों के दस्तावेज अपलोड करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### शराब के नशे में छोटे भाई की हत्या करने पर बडे भाई को किया गिरफ्तार

- 19 सितम्बर को आपसी कहासुनी होने पर दोनों भाई के बीच विवाद, विवाद में बडे भाई ने की छोटे भाई की हत्या



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** के नदबई क्षेत्र के गांव छतरपुर में आपसी कहासुनी दौरान विवाद होने पर शराब के नशे में मारपीट कर दिव्यांग छोटे भाई की हत्या करने के मामलें में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी बडे भाई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को पुलिस रिमाण्ड़ पर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार छतरपुर निवासी आरोपी विनोद सिंह पुत्र रामसहाय को छतरपुर से हिरासत में लिया। बाद में जांच पडताल के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को पुलिस रिमाण्ड़ पर भेज दिया गया।

गौरतलब है कि 19 सितम्बर देर शाम गिरफ्तार आरोपी विनोद सिंह का अपने छोटे दिव्यांग भाई से कहासुनी होने के चलते विवाद हो गया। जिसके चलते आरोपी ने शराब के नशे में अपने दिव्यांग भाई अजीत सिंह पुत्र रामसहाय सिंह की कुल्हाडी से चोट मारते हुए हत्या कर दी। इतना ही नही आरोपी युवक ने अपने परिजनों के साथ मिलकर गुपचुप तरीके से छोटे भाई के शव का दाहसंस्कार करने का प्रयास किया। लेकिन, इसी बीच हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस सीओ पूनम भरगढ मय जाब्ते के मौके पर पहुंच गई। अचानक पुलिस को देख आरोपी शमसान में ही युवक के शव को छोड़कर फरार हो गए। मामलें में एएसआई ज्ञानसिंह ने आरोपी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने जांच पडताल कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

### पोषण माह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र नरपुरा पर अन्नप्राशन एवं पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)।** धौलपुर, 23 सितम्बर 24 को पोषण माह के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केंद्र, सेक्टर व ब्लॉक स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सेक्टर धौलपुर ग्रामीण का सेक्टर लेवल कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र नरपुरा पर आयोजित किया गया, जिसमे एक बच्ची का अन्नप्राशन संस्कार किया तथा व्यंजन प्रदर्शनी लगाई सीडीपीओ भूपेश गर्ग ने उपस्थित महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना में राज्य सरकार द्वारा 1 सितम्बर से 1500 रुपये बढाकर 6500 रुपये तथा दिव्यांग महिला होने पर 10000 रुपये दिए जाएंगे। महिला पर्यवेक्षक ममता जैन ने पौष्टिक आहार के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम में जिला परियोजना सहायक नरगिस, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नरपुरा सविता कुशवाहा, पचगांव, निनोखर, बसई सामंता, मोरोली, बसई नीम पंचायतों की कार्यकर्ता तथा नरपुरा की स्थानीय महिलाए उपस्थित रहीं।

# पीएम मोदी का कथन 'खेलेगा इण्डिया तभी तो बढ़ेगा इण्डिया' को करें जमीनी स्तर पर साकार: पटेल

## विधायक हंसराज पटेल ने ग्राम चिमनपुरा व बनेठी में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का किया उद्घाटन

चमकता राजस्थान

**कोटपूतली बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)** विधायक हंसराज पटेल सोमवार को ग्राम पंचायत चिमनपुरा व बनेठी के दौरे पर रहे। पटेल ने ग्राम चिमनपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय में 68वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता (क्रिकेट) व ग्राम बनेठी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता (वॉलीबॉल) छात्र एवं छात्रा (17 व 19 आयु वर्ग) का बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन किया। चार दिवसीय दोनों प्रतियोगिताओं का 26 सितम्बर गुरूवार को समापन होगा। ग्राम चिमनपुरा में उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुये विधायक पटेल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम बनते ही खेलेगा इण्डिया तभी तो बढ़ेगा इण्डिया का नारा दिया था। पीएम मोदी के इसी नारे व लक्ष्य को साकार करने के लिये शिक्षा विभाग कार्य करे। आज देश दुनिया में भारतीय खिलाड़ी अपनी सफलता का परचम लहरा रहे है। केन्द्र व राज्य की डबल इंजन सरकार भी इसी के लिये प्रयासरत है कि देश व प्रदेश का युवा एवं विधार्थी पढ़ाई हो या खेल दोनों में सफलता प्राप्त कर अपने माता-पिता, परिवार, गांव, समाज व क्षेत्र का नाम देश व प्रदेश में रोशन करें। विधायक पटेल ने अपने सम्बोधन में खिलाडियों को जीवन में ईमानदारीपूर्वक कड़ी मेहनत व संघर्ष से सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया। प्राचार्य बाबूलाल रावत ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव, सीबीईओ जोगेन्द्र सिंह राठी, प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत, सरपंच मानसिंह धानका, पूर्व सरपंच पुष्कर रावत, शिक्षाविद् पूरण कसाना समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इसी प्रकार ग्राम बनेठी में वॉलीबॉल एवं मलखम प्रतियोगिता का भी विधायक पटेल ने उद्घाटन किया। अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि देवी सिंह ने की। इस दौरान पूर्व प्रधान विक्रम सिंह तंवर, पूर्व सरपंच सुरेश सिंह तंवर, एसीबीईओ भागीरथ मीणा समेत अन्य अतिथि मौजूद रहे। उप प्राचार्य राजकुमार बैरवा ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि प्रतियोगिता में 17 व 19 आयु वर्ग के छात्र एवं छात्रा खिलाडियों की कुल 45 टीमें भाग ले रही है। निर्णायक की भूमिका बिल्लूराम, यादराम, अमित कुमार, रिंकी, सरिता व राजेन्द्र ने निभाई। संचालन ओमप्रकाश यादव ने किया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई।



### शहीद श्योकरण पवार स्मारक पर विजय दिवस मनाया ।



**चमकता राजस्थान। कोटपूतली बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)।** सोमवार, दिनांक 23/09/2024 को समाजसेवी रतनलाल शर्मा के द्वारा श्योकरण पवार स्मारक खरकड़ी में विजय दिवस मनाया ।1965भारत-पाकिस्तान युद्ध 23/09/1965 में आज के दिन भारत युद्ध में विजय प्राप्त करी थी श्योकरण स्मारक पर साफ सफाई करके शहीदों के नाम 2 मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दी व भारत माता जिंदाबाद ,वीर शहीदों की जय शहीद श्योकरण जिंदाबाद, इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए गए श्योकरण पवार 1962 में भारतीय सेवा में भर्ती हो गए थे 5 अक्टूबर 1968 में शहीद हो गए थे उनको 1965 में युद्ध में अपना कौशल दिखाने पर सेवा मेडल से सम्मानित किया गया उनके तीन पुत्र जो अपने पिताजी के पद चिन्हों पर चल रहे है उनका पुत्र जगराम बता रहा है कि सरकार हमें भी देश सेवा करने का मौका देती है तो हम अपने आप को धन्य समझेंगे समाज सेवी रतनलाल शर्मा पिछले कुछ समय से शहीदों के प्रोग्राम वह शहीद स्मारकों के सार संभाल कर रहे हैं इस अवसर पर जगराम ,लेखराम,शेरसिंह ,रामधन ,शिवराम ,विक्रम ,जय सिंह, वीर सिंह, सचिन, मोहित, विशाल ,माया देवी, अनीता देवी, सुनीता,देवीसावित्रीदेवी ,राजबाला ,सपना ,रवीना ,इत्यादि मौजूद रहे व शहीदों की वीर गाथा समाजसेवी रतनलाल शर्मा ने बताई।

# खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने किया उचित मूल्य दुकान एवं जन पोषण केंद्र का निरीक्षण

चमकता राजस्थान

जयपुर, (खलील कुरैशी) 23 सितंबर। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री सुबीर कुमार ने सोमवार को जयपुर ग्रामीण की झोटवाड़ा पंचायत समिति के ग्राम पंचायत भम्भोरी में उचित मूल्य दुकान एवं जनपोषण केंद्र का निरीक्षण किया। कुमार ने पोस मशीन से तुलन यंत्र के संयोजन तथा आइरिश मशीन के सम्बन्ध में जानकारी ली। साथ ही मौके पर उपस्थित उपभोक्ताओं से राशन वितरण के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की गयी। कुमार ने समस्त जिला रसद अधिकारियों, प्रवर्तन अधिकारियों एवं प्रवर्तन निरीक्षकों को आगामी तीन दिवस में अपने सम्बन्धित क्षेत्र में उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण कर रिपोर्ट करने हेतु निर्देशित किया।निरीक्षण के दौरान जिला रसद अधिकारी जयपुर ग्रामीण त्रिलोक चन्द मीना, प्रवर्तन अधिकारी कल्याण सहाय करोल, प्रवर्तन अधिकारी निशांत पंचोली, प्रवर्तन निरीक्षक सरोज विश्नोई भी उपस्थित रहे।



# हज 2025: भारतीय हज यात्रियों का हज कमेटी ऑफ इंडिया पर विश्वास बढ़ा ,कोटे से अधिक आवेदन प्राप्त

## हज फॉर्म आवेदन जमा करने की तिथि 30 सितंबर तक बढ़ाई गई

चमकता राजस्थान

जयपुर/नई दिल्ली (खलील कुरैशी)- हज कमेटी ऑफ इंडिया ने एक बार फिर राज्य हज समितियों और हज यात्रियों की मांग पर हज आवेदन फॉर्म जमा करने की तिथि 30 सितंबर तक बढ़ा दी है। भारत सरकार के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में निदेशक और हज कमेटी ऑफ इंडिया के सीईओ, डॉ. लियाकत अली आफ़ाकी, आईआर एस ने बताया कि हज 2025 के लिए निर्धारित कोटे से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, इसलिए अधिकांश राज्यों में जल्द ही लॉटरी के माध्यम से यात्रियों का चयन किया जाएगा। स्पष्ट हो कि पिछले वर्षों में हज यात्रियों की संख्या अधिक थी क्योंकि उस समय हज कमेटी ऑफ इंडिया से कई बार हज करने की अनुमति थी, लेकिन अब जीवन में केवल एक बार ही हज करने की अनुमति है। डॉ. आफ़ाकी ने आगे कहा कि हज कमेटी ऑफ इंडिया ने जून 2024 में ही हज 2025 के इच्छुक यात्रियों को पासपोर्ट बनवाने और उन्हें सही करने की सलाह दे दी थी। फिर भी 4 से 5 महीने पहले हज की घोषणा करना लोगों की अपेक्षा के खिलाफ था। इसके अलावा, हज 2024 की अभूतपूर्व सफलता के बाद, कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए समाज में झूठी और बेबुनियाद अफवाहें फैला रहे हैं, जैसे कि हज 2025 में एक ही परिवार के सदस्यों को अलग-अलग इमारतों में ठहराया जाएगा, रिजर्व कोटे के यात्रियों को दो और साथियों को साथ ले जाना होगा, 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोग हज नहीं कर सकते, इस बार रसोई नहीं मिलेगी, आदि। लेकिन इन झूठी अफवाहों के बावजूद हज आवेदन में कोई कमी नहीं आई है और कोटे से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इन अफवाहों का खंडन करते हुए, हज कमेटी ऑफ इंडिया के सीईओ, डॉ. लियाकत अली आफ़ाकी ने बताया कि महरम और गैर-महरम को अलग-अलग ठहराने की स्पष्ट हिदायत सऊदी अरब की है, लेकिन रिजर्व कोटे और विकलांग यात्रियों को एक ही कमरे में ठहराया जाएगा। अन्य गैर-महरम यात्रियों के महरम से अलग कमरे होंगे, लेकिन वे एक ही मंजिल और एक ही इमारत में होंगे। उन्होंने बताया कि 65 वर्ष से अधिक आयु के लोग भी हज कर सकते हैं, लेकिन उन्हें अपनी सुरक्षा और मदद के लिए एक सहायक को साथ ले जाना होगा। रसोई के बारे में उन्होंने बताया कि भारत सरकार या सऊदी अरब की ओर से ऐसी कोई योजना नहीं है। डॉ. लियाकत अली आफ़ाकी आईआरएस, ने आगे बताया कि कुल कोटे के लगभग आधे आवेदन गुजरात, महाराष्ट्र और केरल से प्राप्त हुए हैं। इसके बावजूद, पासपोर्ट बनवाने में देरी, कुछ राज्यों में खराब मौसम के कारण और उत्तरी भारत के राज्यों के हज यात्रियों को एक और मौका देने के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज पर जाने के इच्छुक यात्रियों के लिए अब 30 सितंबर 2024 तक तिथि बढ़ा दी है। हज कमेटी ऑफ इंडिया के सीईओ ने इच्छुक हज यात्रियों से आग्रह किया है कि वे विस्तारित तिथि के भीतर हज आवेदन फॉर्म अवश्य जमा करें, क्योंकि अब और तिथि बढ़ाना संभव नहीं है। सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्रालय की स्पष्ट हिदायत के अनुसार, हज 2025 के सभी प्रशासनिक कार्य अक्टूबर तक पूरे कर लिए जाएंगे। डॉ. आफ़ाकी ने हज यात्रियों से यह भी अपील की कि हज 2025 के लिए बनाए गए कार्यक्रम का अवश्य पालन करें ताकि वीजा प्राप्त करने, आवास, हवाई टिकट और अन्य व्यवस्थाएं समय पर सही ढंग से पूरी हो सकें। डॉ. आफ़ाकी ने कहा कि हज यात्री किसी भी जानकारी और समस्या के समाधान के लिए केवल हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट, राज्य हज समितियों के कार्यालयों से या हज कमेटी ऑफ इंडिया के हेल्पलाइन नंबर 022-22107070 से जानकारी प्राप्त करें।

## संक्षिप्त समाचार

### उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने की केन्द्रीय कानून एवं न्याय राज्यमंत्री से मुलाकात



**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 23 सितंबर।** राजस्थान के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सोमवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय कानून एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल से शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री के साथ राजस्थान में विकास के अहम मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई

### धौलपुर में परिवहन विभाग का अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी एवं दलाल (प्राईवेट व्यक्ति) 3 हजार 300 रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार





**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 23 सितम्बर, सोमवार।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की करौली इकाई द्वारा आज धौलपुर में कार्यवाही करते हुये पवन श्रीवास्तव अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी (स्थापना, पुनःपंजीयन / वाहन रजिस्ट्रेशन) कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, जिला धौलपुर एवं दलाल पवन चंसौरिया (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से 3 हजार 300 रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की करौली इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके ट्रेक्टर का रजिस्ट्रेशन करने की एवज में आरोपी पवन श्रीवास्तव अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी (स्थापना, पुनःपंजीयन / वाहन रजिस्ट्रेशन) कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, जिला धौलपुर द्वारा 3 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी भरतपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत के सुपरवीजन में एसीबी की करौली इकाई के पुलिस निरीक्षक जगदीश भारद्वाज के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर उनके द्वारा मय टीम के धौलपुर में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी पवन श्रीवास्तव एवं दलाल पवन चंसौरिया (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से 3 हजार 300 रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पवन श्रीवास्तव द्वारा परिवादी से रिश्वत राशि 3 हजार 300 रुपये, एक अन्य प्राईवेट व्यक्ति अनूप को दिलवाई, जिसे वह ए.सी.बी. कार्यवाही की भनक लगने पर मौके से लेकर फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपीगण से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

### चुरु पुलिस की प्रोएक्टिव पुलिसिंगः एक दिवसीय अभियान चला 62 सक्रिय बदमाशों को गिरफ्तार किया

- **271 पुलिस कर्मियों की 52 टीमों ने 387 ठिकानों पर दी दबिश, 90 हिस्ट्रीशीटर व हार्डकोर बदमाशों को भी किया गया चेक**

**चमकता राजस्थान। जयपुर/चूरू!(खलील कुरैशी) 23 सितम्बर।** प्रोएक्टिव पुलिसिंग के तहत चुरु पुलिस द्वारा एक दिवसीय विशेष अभियान ऑपरेशन वज्र प्रहार चलाया गया। अभियान में 271 पुलिस कर्मियों की 52 टीमों ने एक साथ बदमाशों के 387 ठिकानों पर दबिश देकर कुल 62 सक्रिय बदमाशो को गिरफ्तार किया, इसके साथ ही 90 हिस्ट्रीशीटर एवं हार्डकोर बदमाशों को भी चैक किया गया एसपी जय यादव ने बताया कि जिला पुलिस इस ध्येय पर काम कर रही है कि या तो ₹अपराधी अपराध छोड़ दे या चूरू छोड़ दे₹। इसी ध्येय वाक्य पर काम करते हुए वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी एवं नकबजनी, चोरी, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट में चालानशुदा अपराधियों, हिस्ट्रशीटर व हार्डकोर अपराधियों, गैंगस्टर व उनके फॉलोअर्स के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई के लिए पिछले कुछ समय से तैयारियाँ की जा रही थी।एसपी यादव ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र दादरवाल, किशोरी लाल व दिनेश कुमार के सुपरविजन एवं जिले के समस्त वृत्त अधिकारियों के नेतृत्व में समस्त थाना अधिकारियों मय जाब्ता के एक दिवसीय ऑपरेशन वज्र प्रहार चलाया गया। आसूचना संकलन के बाद 271 पुलिस कर्मियों की 52 टीमों ने एक साथ बदमाशों के 387 ठिकानों पर दबिश दी। जिसमें कुल 62 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।विशेष अभियान के दौरान एसपी यादव द्वारा संपूर्ण मॉनिटरिंग करते हुए पुलिस टीमों को आवशयक दिशा निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब एवं अवैध आर्म्स के तस्कर भी पकड़े गए। गिरफ्तार किए गए बदमाशों से पुलिस टीम पूछताछ कर रही है। जिसमें अन्य वारदातों के खुलने और फरार मुलजिमों की गिरफ्तारी की संभावना है।

# प्रदेश में देर रात 22 आईएएस एवं-58 आईपीएस के हुए ट्रांसफर

## अजयपाल लांबा को लगाया जयपुर रेंज के आईजी पद पर

चमकता राजस्थान

जयपुर( खलील कुरैशी)। उज्य सरकार ने रविवार (22 सितंबर) 58 आईपीएस अधिकारियों के ट्रांसफर कर दिए। तबादला सूची में सरकार ने 6 जिलों के कलेक्टर और 19 पुलिस जिलों में एसपी बदल दिए। 8 आईएएस और 4 आईपीएस अधिकारियों को अतिरिक्त चार्ज दिया गया है।

सरकार ने 2 संभागीय आयुक्त और 2 रेंज आईजो भी बदल दिए हैं। आईएएस भवानी सिंह देथा को प्रमुख शासन सचिव आयुर्वेद विभाग में पोस्टिग दी गई है। एपीओ चल रहे आईएएस अधिकारी अम्मरीश कुमार को चिकित्सा शिक्षा विभाग में शासन सचिव के पद पर पोस्टिग मिली है।

## 6 जिलों में कलेक्टर, 19 एसपी बदले



### वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी गोविंद गुप्ता को डीजी जेल बनाया

» आईपीएस गोविंद गुप्ता को सरकार ने डीजी जेल बनाया है। आईपीएस अनिल पालीवाल को एडीजी ट्रैफिक, आईपीएस अशोक राठौड़ को एडीजी ट्रेनिंग और आईपीएस मालिनी अग्रवाल को एडीजी एंटी 'ूमन ट्रैफिकिंग बनाया गगा है।

### प्रतिभा सिंह होगी जोधपुर संभागीय आयुक्त

» आईएएस डॉ. प्रतिभा सिंह को पाली के संभागीय आयुक्त के पद से हटाकर जोधपुर का संभागीय आयुक्त बनाया है ।साथ ही उनको पाली का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। आईएएस राजेन्द्र विजय को कोटा का संभागीय आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा कोटा संभागीय आयुक्त आईएएस उर्मिला राजोरिया को शासन सचिव, प्रशासनिक सुधार विभाग की जिम्मेदारी दी है।

### इस ट्रांसफ़र लिस्ट में 19 जिलों में एसपी बदले

» ट्रांसफर लिस्ट में सरकार ने 19 पुलिस जिलों में एसपी भी बदल दिए हैं। इसमें 4 नए जिलों शाहपुरा, केकड़ी, सांचौर और गंगापुर सिटी के एसपी का अतिरिक्त चार्ज पुराने जिलों भीलवाड़ा, अजमेर, जालोर और राबाई गाधोपुर के एसीपी को दिया गया है।

# 24 घंटे में बाढ़ से 10 लोगों की मौत

एजेंसी

**पटना।** बिहार में गंगा और इसकी सहायाक नदियां पूरे उफान पर हैं। अबतक प्रदेश के 12 जिलों की करीब 13 लाख अबादी बाढ़ से प्रभावित है जबकि बीते 24 घंटे में बाढ़ से 10 लोगों की मौत हो चुकी है।

बिहार के पटना, मुंगेर, लखीसराय, खगड़िया, बेगूसराय, भागलपुर, वैशाली, पूर्णिया, बक्सर, रोहतास, भोजपुर और सासाराम जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। मुंगेर के बाद अब भागलपुर में भी नदी के तेज बहाव वजह से मौत के मामले सामने आये हैं। बाढ़ के पानी में डूबने से भागलपुर, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय समेत कई जिलों में



मौत हुई है। भागलपुर के नाथनगर में बीते दिनों डूबे तीन लोगों के शव बरामद किए गए हैं जबकि नाव हादसे में डूबे बच्चे का शव अब तक बरामद नहीं हो सका है। लखीसराय और खगड़िया में बाढ़ के पानी में नहाने की गलती किशोरों को भारी पड़ी। अलग-अलग हादसे में दो किशोरों की मौत हो गयी। लखीसराय के सूर्यगढ़ा अंतर्गत रामपुर से सुरजीचक जाने वाली सड़क में बलवा तड़ी पर के समीप स्नान की क्रम में पानी में डूबने से 17 वर्षीय किशोर अभिषेक कुमार की मौत हो गयी।

मृतक रामपुर गांव वार्ड संख्या तीन के रहने वाले सुनील सिंह का पुत्र था। बेगूसराय के मटिहानी अंतर्गत नयागांव थाना क्षेत्र के गोरगामा गांव में शौच जाने के क्रम में गोरगामा निवासी स्व रामोतार पोद्दार के 48 वर्षीय पुत्र भूषण पोद्दार की गंगा ढाब में डूबने से मौत हो गयी।

नयागांव थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि भूषण पोद्दार रात्रि में शौच करने गये थे। गंगा ढाब के किनारे सोच करने के क्रम में लुढ़क गये और गहरे पानी में जा गिरे, जिससे उनकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि सुबह में शव पानी के उपर आ गया। ग्रामीणों के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकाला गया।खगड़िया जिले के मोरकाही थाना क्षेत्र के खैरी खुटाहा पंचायत अंतर्गत सोनमनकी के बागमती नदी में स्नान करने के दौरान बालक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान सोनमनकी गांव निवासी वार्ड संख्या चार निवासी रामनरेश सदा उर्फ विजय सदा के आठ वर्षीय पुत्र निरगुन कुमार के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि रविवार की दोपहर अन्य दोस्तों के साथ खेलते-खेलते बागमती नदी में स्नान करने चला गया। निरगुन नदी में स्नान करने के दौरान गहरे पानी में चला गया, जिसके कारण निरगुन लापता हो गया। स्थानीय बालकों द्वारा हल्ला कर लोगों की घटना की जानकारी दी। स्थानीय लोगों द्वारा बागमती नदी से बालक का शव बाहर निकाला गया।

### युवाओं का जलवा

**कोलकाता।** एडमास यूनिवर्सिटी के ई-युवा सेंटर ने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी कार्यक्रम ग्लोबल बायो-इंडिया 2024 में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के तहत जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (इक्क्क्ष्अउ) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने विश्व स्तर पर भारत के जैव प्रौद्योगिकी नवाचारों को प्रदर्शित किया।

एक अग्रणी जैव प्रौद्योगिकी इनक्यूबेटर के रूप में पहचाने जाने वाले ई-युवा सेंटर ने अपने साथियों द्वारा नवीन परियोजनाओं की विशेषता वाला एक इनक्यूबेटर स्टॉल स्थापित किया। उद्योग जगत के नेताओं, निवेशकों और शोधकताओं ने इन प्रगतियों में बहुत रुचि दिखाई।

## एडमास के छात्रों ने टाटा सोशल एंटरप्राइज चैलेंज में सफलता हासिल की



संवाददाता

**कोलकाता।** एडमास यूनिवर्सिटी ने टाटा सोशल एंटरप्राइज चैलेंज 2024 में दूसरा स्थान हासिल कर, एक बार फिर नवाचार और सामाजिक उद्यमिता में अपनी योग्यता साबित की है। सोहेल इरफान, अभिषेक भौमिक, अमृता भद्रा, स्नेहा भौमिक, अद्रिजा साहू और अनिक घोष सहित छह छात्रों की एक टीम ने अपने अभूतपूर्व प्रोजेक्ट, ऑटोनॉमस ड्रोन नेटवर्क के माध्यम से शहरी और रिमोट लॉजिस्टिक्स से सुर्खियां बटोरीं।

देश भर में 2,300 से अधिक छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए, एडमास टीम ने शीर्ष 50 फाइनलिस्ट में जगह बनाई और अपने अभिनव समाधान से न्यायाधीशों के सम्मानित पैनल को प्रभावित किया। प्रोफेसर सजल साहा के मार्गदर्शन में, उन्होंने स्वायत्त ड्रोन तकनीक का उपयोग करके एक अनोखा लॉजिस्टिक्स नेटवर्क प्रस्तुत किया, जो दुर्गम क्षेत्रों में परिवहन चुनौतियों का समाधान करता है। टीम की उत्कृष्ट उपलब्धि को 20,000 रुपये के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

इस परियोजना की क्षमता शहरी और दूरस्थ क्षेत्रों में परिवहन के लिए एक कुशल, पारिस्थितिकी-मैत्रीपूर्ण विकल्प प्रदान करने में वास्तव में सराहनीय है, एक जज ने कहा। कोलकाता इनोवेशन पार्क के सहयोग से आयोजित, टाटा सोशल एंटरप्राइज चैलेंज 2024 का उद्देश्य सामाजिक नवाचार को बढ़ावा देना और युवा दिमागों का उत्सव मनाना है। प्रो. (डॉ.) समित रे, चांसलर, एडमस यूनिवर्सिटी ने कहा, हमारी उत्कृष्टता और व्यावहारिक शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता इस उपलब्धि में स्पष्ट है।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश उन्नति की मार्ग पर अग्रसरः हितेन्द्र ठाकुर

**मधुबनी।** जिला मुख्यालय सहित सुदूर ग्रामीण परिवेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में जारी बताया।जिला के फुलपरास विधान सभा क्षेत्र में सोमवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर नुनु ने ग्रामीणों के बीच विभिन्न प्रकार के फलों का वितरण किया।अवसर पर सिसबारि व फुलपरास के उपस्थित गणमान्य विशिष्ट लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लम्बी उम्र के साथ भारतीय राजनीतिक क्षितिज पर उड़ान भरने की कामना व्यक्त किया। भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने आगन्तुक समाज सेवियों व ग्रामीणों को भव्य स्वागत किया।कहा कि अमृत काल में देश की दशा- दिशा प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उन्नति के पथ पर अग्रसर है। वर्तमान समय में प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में सत्तासीन होना प्रत्येक भारतीय वांग्मय के लोगों के लिए गौरववोध है।मोदी जी ने आमजनों के प्रति समर्पित भाव सदैव दिखाया।

## कोलकाता में भारत-मार्किन संयुक्त उद्यम सेमीकंडक्टर फैक्ट्री, ममता ने की मोदी-बाइडेन की तारीफ

संवाददाता

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने अमेरिका दौरे के दौरान कोलकाता में सेमीकंडक्टर प्लांट के निर्माण की घोषणा की थी। यह प्लांट भारत-अमेरिका संयुक्त उद्यम में बनाया जाएगा। इस परियोजना की घोषणा के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उत्साहित हैं। उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट कर दोनों राष्ट्र नेताओं को धन्यवाद दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार कोलकाता में इस सेमीकंडक्टर फैक्ट्री के निर्माण में हर संभव सहायता प्रदान करेगी। यह अमेरिकी निवेश कोलकाता में कैसे आया, मुख्यमंत्री ने अपने फेसबुक पोस्ट में इस यात्रा पर भी प्रकाश डाला।

प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के आवास पर बैठक की। दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच टद-9इ प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के समझौते पर चर्चा हुई। इसके अलावा कोलकाता में सेमीकंडक्टर प्लांट बनाने की बात भी सामने आई। बैठक के बाद रविवार को प्रधानमंत्री कार्यालय



के एक बयान में इस परियोजना की घोषणा की गई। व्हाइट हाउस के मुताबिक, 'भारत सेमी', 'थर्डआईटेक' और 'यूएस स्पेस फोर्स' नाम की तीन कंपनियां कोलकाता में फैक्ट्री बनाने का काम करेंगी। इसके परिणामस्वरूप दोनों देशों में रोजगार पैदा होंगे, दोनों देशों में शोध में भी सुधार होगा। पता चला है कि न्यूयॉर्क की 'ग्लोबल फाउंड्रीज' नाम की कंपनी इस प्रोजेक्ट में मदद करेगी। यह कंपनी मुख्य रूप से सेमीकंडक्टर तकनीक पर काम करती है। अगर यह फैक्ट्री कोलकाता के बीचोबीच बनती है तो इससे प्रदूषण मुक्त देश के साथ-साथ रोजगार के भी बड़े अवसर पैदा होंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में भी सुधार होंगे। यह प्रोजेक्ट कोलकाता तक कैसे पहुंचा, इस सफर की कहानी मुख्यमंत्री ने अपने फेसबुक पोस्ट में पेश की है। उन्होंने कहा, पिछले साल की शुरूआत में, राज्य आईटी विभाग और हमारे पीएसयू वेबेल ने सेमीकंडक्टर उद्योग के कई शीर्ष नेताओं से संपर्क किया था। क्योंकि चिप-डिजाइन और पैकेजिंग स्टार्टअप कोविड महामारी के बाद विभिन्न वेबेल आईटी पार्कों में चले गए। इस वर्ष सेमीकंडक्टर उद्योग की अग्रणी कंपनियों ने राज्य सरकार के तत्वावधान में ग्लोबल वीएलएसआई कॉन्फ्रेंस 2024 में भाग लिया। 'ग्लोबल फाउंड्रीज' का यह निवेश राज्य के अथक प्रचार और क्षमता के कारण कोलकाता में आने वाला है।

## पानीहाटी विधायक निर्मल घोष दस्तावेजों के साथ साल्ट लेक सीबीआई कार्यालय में

संवाददाता

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ड्यूटी के दौरान एक युवा डॉक्टर से बलात्कार-हत्या मामले में पानीहाटी के तृणमूल विधायक निर्मल घोष को सीबीआई ने तलब किया था। वह सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे साल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स पहुंचे। हालाँकि उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब में सम्मन को टाल दिया, लेकिन उनके पास उपलब्ध कराने के लिए अपने स्वयं के कुछ दस्तावेज हैं। इसलिए सीबीआई से समय मांगा। आज वो दस्तावेज लेकर आये। मृतक का घर उसके विधानसभा क्षेत्र में है। इसलिए विधायक को तलब करने का मामला बेहद अहम है।

9 अगस्त को जब पीड़िता का शव आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल से पानीहाटी स्थित घर



ले जाया गया तो स्थानीय विधायक ने शव के दाह संस्कार में अहम भूमिका निभाई। अस्पताल जाने से पहले ही उन्होंने कहा, "हमारा लक्ष्य मुख्य अपराधी को पकड़ना है। हर कोई उसके लिए प्रयास कर रहा है। सीपी समेत पुलिस के अधिकारी पहुंच गये हैं। प्रशासनिक अधिकारी भी थे। एक क्रूर घटना घटी है। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर की बेरहमी से हत्या कर दी गई। न्याय सुनिश्चित करने के लिए हम जो कर सकते हैं वह कर रहे हैं। कैमरे के सामने जो होता है हो रहा है।

ये तस्वीरें और जानकारियां पहले से ही सीबीआई के हाथ लग चुकी थीं। स्थानीय विधायक निर्मल घोष दाह संस्कार में इतने सक्रिय क्यों थे? तब से वह केंद्रीय जांचकताओं की निगरानी में था। इसके लिए घोला थाने के आईसी को भी बुलाया गया था। लेकिन वह अनुपस्थित थे। इसके बाद कई लोगों से पूछताछ की गई। उस दिन के वीडियो फुटेज में भी सीबीआई अधिकारियों ने दाह संस्कार होते हुए देखा था। बताया जाता है कि इसके बाद निर्मल घोष को तलब किया गया था।

हालांकि, सोमवार को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में प्रवेश करते समय उन्होंने मीडिया कैमरों के सामने कहा, ₹मेरे पास देने के लिए कुछ है।₹ मैंने उनसे संपर्क किया। आज मुझे समय दिया गया था। तो मैं आ गया। मेरे इलाके की घटना है।" हालांकि, सूत्रों के मुताबिक विधायक को पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

## मृत मछुआरों के परिवारों के साथ में अभिषेक, स्थानीय सांसदों के माध्यम से भेजे आर्थिक मदद

संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल की खाड़ी में मछली पकड़ने के दौरान गए बवंडर में 8 मछुआरों की मौत हो गई। काकद्वीप के हारवुड पॉइंट में हुई घटना से परिवार अब शोक में हैं। मछुआरे की मौत की खबर सुनकर सांसद और तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़े हुए। उन्होंने मथुरापुर सांसद बापी हलदर के माध्यम से उन परिवारों को आर्थिक मदद दी। बापी हलदर ने सोमवार को उनके घर जाकर वह मदद दी। पिछले शुक्रवार की रात बंगाल की खाड़ी में कुछ मिनटों का बवंडर जानलेवा हो गया। बाबा गोविंद नाम का एक ट्रॉलर चक्रवात में पलट गया। इसमें नौ मछुआरे सवार थे। उनका कोई पता नहीं चल सका। रविवार को दुर्घटनाग्रस्त ट्रॉलर को उद्धार कर चारागाह में लाए जाने के बाद केबिन के अंदर



से 8 मछुआरों के शव बरामद किए गए। ट्रॉलर से एक मछुआरा अभी भी लापता है। पुलिस प्रशासन और काकद्वीप मछुआरा संगठन के लोग उसकी तलाश कर रहे हैं। सोमवार को मछुआरों की स्पीडबोट, होवरक्राफ्ट और ट्रॉलर सुबह से ही बंगाल की खाड़ी में तलासी करने लगे।

इस बीच, अधिकांश मृत और लापता मछुआरों के घर काकद्वीप के हारवुड पॉइंट पुलिस स्टेशन क्षेत्र में हैं। उस इलाके के मछुआरा समुदाय में सिर्फ आंसू ही आंसू हैं। मथरापुर लोकसभा सांसद बापी हलदर ने इस दिन मृत मछुआरों के घर का दौरा किया। उन्हें देखकर मृतकों के परिजन फूट-फूटकर रोने लगे। दाह संस्कार और अंतिम संस्कार के अलावा, सांसद और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बापी हलदर के माध्यम से शोक संतप्त परिवारों को कुछ समय के लिए सहारा देने में मदद की। सांसद बापी हलदर ने कहा कि वे हमेशा मृत और लापता मछुआरों के दुखी परिवारों के साथ हैं।

## डॉ. यादव ने आयुष्मान योजना के 6 साल पूरे होने पर दी बधाई, बताया संजीवनी के समान



**भोपाल।** आयुष्मान योजना ने आज 6 साल पूरे कर लिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे लागू करने और क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने इसे संजीवनी के समान बताते हुए कहा कि अब 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग भी इसका लाभ ले सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि स्वस्थ नागरिकों से समृद्ध राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा प्रारंभ की गई ऐतिहासिक 'आयुष्मान भारत योजना' के सफल क्रियान्वयन के 6 वर्ष पूर्ण होने की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने आगे कहा कि अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि अनेकों हितग्राहियों को लाभान्वित कर चुकी इस योजना का लाभ अब 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को भी मिलेगा।

## सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

**बांदा।** जिले में 24 घंटे के अंदर सोमवार को दूसरी बड़ी दुर्घटना हो गई। नरैनी कोतवाली क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा होने से तीन मजदूरों की मौत हो गई और एक की हालत गंभीर बनी हुई है। बाइक में सवार मजदूर सवेरे मजदूरी करने जा रहे थे। लहुरेटा गांव के छनिया डेरा के पास तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया। उन्हें गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया ले जाया गया। डॉक्टर ने तीन को मृत घोषित कर दिया। एक मजदूर की हालत नाजुक होने पर उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। गया के नरैनी में भीषण सड़क हादसा हुआ। बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने टक्कर मार दी।

## अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**कोरबा।** कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कटघोरा पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार को पतरापाली गांव में अवैध कच्ची शराब बनाने वालों के घरों में छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई में बड़ी मात्रा में महुआ पास और कच्ची महुआ शराब बरामद की गई और शराब बनाने का भट्ठा और बर्तन नष्ट किए गए। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि गांव में लंबे समय से चल रहे अवैध शराब कारोबार को समाप्त करने के लिए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस और आबकारी विभाग मिलकर अवैध शराब के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।

## जंगल में मिला युवक का सड़ा-गला शव

**गरियाबंद/रायपुर।** जिले के फिंगेश्वर थानांतर्गत गनियारी जंगल में सोमवार को पिछले एक हफ्ते से गायब युवक का सड़ा-गला शव मिला है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार पतोरा गांव के ग्रामीण जंगल में पुटू बीनने गए थे, तभी उन्होंने जंगल में एक सड़ा-गला लाश देखा, जिसकी सूचना फिंगेश्वर पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## 50 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**कन्नौज।** जनपद में एक वर्ष पूर्व इत्र कारोबारी के घर डकैती के मामले में फरार 50 हजार का इनामी को पुलिस ने मुठभेड़ में रविवार की रात को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने सोमवार को बताया कि डकैती मामले में फरार चल रहे 50 हजार के इनामी बदमाश की लोकेशन जलालपुर पनवाड़ा के आसपास मिली थी। इस पर कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम ने घेराबंदी की। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक गोली उसके पैर में लगी।

## भाजपा उम्मीदवार को किसानों ने बंधक बनाया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नारायणगढ़ से भाजपा प्रत्याशी पवन सैनी को चुनाव प्रचार के दौरान जनता के विरोध का सामना करना पड़ा। रविवार रात प्रचार के दौरान पवन सैनी को करीब दो घंटे तक बंधक बनाया गया। अंबाला के एसपी ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला। उग्र ग्रामीणों को शांत करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। नारायणगढ़ विधानसभा हलका मुख्यमंत्री नायब सैनी का गृहक्षेत्र है। नायब सैनी इस बार लाडवा से चुनाव लड़ रहे हैं और लाडवा से प्रमुख दावेदार रहे पवन सैनी नारायणगढ़ हलके चुनाव लड़ रहे हैं। नारायणगढ़ से उम्मीदवार पवन सैनी रविवार शाम काफिले के साथ वोट मांगने फतेहगढ़ जा रहे थे।

## युवक की निर्दयतापूर्वक चाकू से हमलाकर हत्या

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में तेलीबांधा थाना क्षेत्र में सोमवार अल सुबह में एक युवक की निर्दयतापूर्वक चाकू से वार कर हत्या कर दी गई। तेलीबांधा पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान अंबिकापुर निवासी ईश्वर राजवाड़े के रूप में हुई है। जो अंबिकापुर कलेक्ट्रेट में चालक के पद पर कार्यरत था। वह एक अधिकारी को शासकीय कार्य से रायपुर लेकर आया था। सोमवार तड़के सुबह करीब चार बजे ईश्वर राजवाड़े मरीन ड्राइव टहलने गया, इस दौरान तीन अज्ञात मोटरसाइकिल सवार लुटेरों ने उसे घेर लिया और मोबाइल लूटने की कोशिश की।

## पिछले 10 सालों के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट ने शहरी विकास की बदली तस्वीर

**नई दिल्ली। एजेंसी**

लंबे समय तक सुस्ती का सामना करने के बाद अब छोटे शहर भी रियल एस्टेट मार्केट के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभरे हैं। महानगरों और बड़े शहरों की महंगाई और भीड़ भाड़ के कारण रियल एस्टेट के खरीदारों में छोटे शहरों के प्रति रुचि बढ़ी है। इस बात की जानकारी शहरी विकास मंत्रालय की एक रिपोर्ट में दी गई है। मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक कई छोटे शहरों में प्रॉपर्टी की कीमत नोएडा, गुरुग्राम और गाजियाबाद जैसे बड़े शहरों को भी पीछे छोड़ चुकी है।

छोटे शहर में भी अब फ्लैट, प्लॉट या विला की मांग काफी बढ़ गई है, जिसके कारण इनकी कीमत दिल्ली-एनसीआर की कीमत के स्तर पर पहुंच गई है। बड़े शहरों की भीड़भाड़ और तनाव भरी जिंदगी से बचने के लिए भी लोग छोटे शहरों में रहना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इस वजह से छोटे शहरों में घरों की मांग तो बढ़ी ही है, लग्जरी लाइफस्टाइल के प्रति भी लोगों में रुझान बढ़ा है। इसी वजह से रियल एस्टेट डेवलपर्स भी बड़े शहरों की तुलना में छोटे शहरों में अपना प्रोजेक्ट लॉन्च करने में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

इस रिपोर्ट में बताया गया है कि जयपुर, अजमेर, लखनऊ, वृंदावन, फरीदाबाद, लुधियाना, चंडीगढ़, इंदौर, भोपाल, रांची, हल्द्वानी और देहरादून जैसे शहर इन दिनों रियल एस्टेट सेक्टर के लिए नए हॉटस्पॉट बन गए हैं। केंद्र सरकार की नई शहरी विकास नीति की वजह से पिछले 10 सालों के दौरान देश के टियर-2 और टियर-3 शहरों का काफी तेजी से विकास हुआ है। खासकर, कोरोना संक्रमण काल के बाद इस विकास में काफी तेजी आई है और कई छोटे शहर अब कीमत के मामले में दिल्ली-एनसीआर से टक्कर ले रहे हैं।



रिपोर्ट में बताया गया है कि कई राज्यों ने विशेष रूप से छोटे शहरों में इंडस्ट्रियल एरिया, स्पेशल इकोनॉमिक जोन या आईटी पार्क जैसी सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में काफी ध्यान दिया है। इसकी वजह से छोटे शहरों की अर्थव्यवस्था में भी तेजी आई है। इसके साथ ही छोटे शहरों में भी प्रशिक्षित और कुशल कामगारों और प्रबंधकों की मांग बढ़ी है। इन छोटे शहरों में रोजाना के कामकाज के लिए बड़े शहरों की तुलना में ओवरऑल कम खर्च में काम चल जाता है, जिससे लोग अपने घर के करीब रहकर भी अधिक बचत कर पाते हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं स्मार्ट सिटी मिशन और अटल मिशन फॉर रिजूवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (एएमआरयूटी) जैसी योजनाओं के कारण भी छोटे शहरों के बुनियादी विकास में तेजी आई है। इस वजह से भी छोटे शहरों के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि छोटे शहरों में बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास होने के साथ ही अब शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मॉल, एंटरटेनमेंट सेंटर, स्पोर्ट्स सेंटर, अच्छे और नामी स्कूल और हॉस्पिटल जैसी सुविधा भी विकसित हो रही है। इसके साथ ही हाई-वे के काम में तेजी लाए जाने और एक्सप्रेस-वे के निर्माण की वजह से बड़े शहरों के साथ छोटे शहरों की कनेक्टिविटी में भी इजाफा हुआ है। छोटे शहरों में तुलनात्मक तौर पर बड़े शहरों की तुलना में प्रदूषण का स्तर भी कम है। इस वजह से भी लोग छोटे शहरों में रहना अधिक पसंद कर रहे हैं।

अपेक्स बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के चेयरमैन सतनाम सिंह सचदेवा का कहना है कि मौजूदा समय में देश के टियर-2 और टियर-3 शहरों में रियल एस्टेट सेक्टर काफी तेजी से विकास कर रहा है, जिसकी वजह से चंडीगढ़, लुधियाना, इंदौर, वृंदावन, लखनऊ, अजमेर, जयपुर, रांची और गया जैसे शहरों में प्रॉपर्टी की कीमत काफी तेजी से बढ़ रही है। लोगों का रुझान भी इन शहरों की ओर बढ़ा है। इसी वजह से देश के कई प्रमुख बिल्डर अब एक डेवलपर के रूप में महानगरों की तुलना में छोटे शहरों में काम करना अधिक पसंद कर रहे हैं। इन शहरों में रियल एस्टेट सेक्टर के विकास की पूरी संभावना मौजूद है।

इसी तरह आदर्श डेवलपर्स के सीईओ अनिल शर्मा का कहना है कि छोटे शहरों में जमीन और घरों की मांग लगातार बढ़ रही है, जिसकी वजह से अब बड़े डेवलपर्स भी इन छोटे शहरों में अपना कारोबार बढ़ा रहे हैं। केंद्र सरकार की नीतियों की वजह से छोटे शहरों के विकास में भी तेजी आई है। कई शहरों में शहरी यातायात के लिए मेट्रो कनेक्टिविटी का काम भी शुरू हो गया है। इसके साथ ही बड़े शहरों में मिलने वाली मॉल और शॉपिंग सेंटर जैसी सुविधा अब छोटे शहरों में भी मिलने लगी है। इस वजह से भी महानगरों की तुलना में छोटे शहरों के प्रति लोगों की रुचि बढ़ी है। इसी कारण छोटे शहरों में भी ऑफिस स्पेस और रेजिडेंशियल कॉलोनियां लगातार डेवलप हो रही हैं, जिससे इन शहरों की तस्वीर भी लगातार बदल रही है।

### गृहमंत्री ने कार्यकारी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जमकर की तारीफ

# यमुनानगर को बनाएंगे औद्योगिक क्षेत्र : अमित

- राहुल तो क्या, उसकी तीन पीढ़ी भी धारा 370 हटा नही सकती: शाह

**यमुनानगर। एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अग्निवीर सैनिकों को पेंशन वाली नौकरियां देंगें। कांग्रेस के राज में भ्रष्टाचार और गुंडों का आतंक था। विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को जगाधरी की अनाज मंडी में आयोजित जन आशीर्वाद रैली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ कार्यकारी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी शामिल रहें। जगाधरी- यमुनानगर शहर के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा।





इस मौके पर कार्यकारी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र एक मात्र डखोसला है। इसमें भ्रष्टाचार की बदबू आती है। कांग्रेस के प्रत्याशी अपना घर भरने और नौकरियां बेचने की बात कर रहें है। इनकी हिमाचल और कर्नाटक की सरकार से जनता परेशान है। हमने बिना पर्ची खर्ची के युवाओं को नौकरी दी।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि मैं अपनी पार्टी के चारों प्रत्याशियों के लिए वोट मांगने आया हूं, उन्होंने कहा कि देश की सरहदों पर बैठे जवानों में हरियाणा का हर दसवां जवान बैठा है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने धारा 370 हटाई, वो वापिस लाना चाहते हैं। राहुल बाबा तो क्या उनकी तीसरी पीढ़ी भी धारा 370 हटा नहीं सकेगी। हमने हरियाणा, पंजाब में आतंकवाद पनपने नहीं दिया। कांग्रेस अपने आप को बलिदानों का हितैषी बताती है और अमरीका जाकर राहुल बाबा अंग्रेजी में आरक्षण खत्म करने की बात करते है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और गुंडों की सरकारों को हमने बाहर किया। बिना खर्ची बिना पर्ची नौकरियां दी गई। कांग्रेस में क्या कभी ऐसा देखा है। कांग्रेस वाले अभी से नौकरियां बेचने का हिसाब लगा रहें है।

## पाक में 12 देशों के राजदूतों के काफिले पर आतंकी हमला

**इस्लामाबाद। एजेंसी**

पाकिस्तान के सर्वाधिक अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में बेखौफ आतंकवादियों ने रविवार को रूस समेत 12 देशों के राजदूतों के काफिले को निशाना बनाया। दहशतगर्दों ने काफिले की एक पुलिस सुरक्षा वैन को रिमोट कंट्रोल बम से उड़ाने की कोशिश की। इस दौरान हुए धमाके में एक सिपाही की जान चली गई। पांच अन्य घायल हो गए। घायलों को सैदु शरीफ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी विदेशी दूत सुरक्षित बताए जा रहे हैं। उन्हें खैबर पख्तूनख्वा के कड़ी सुरक्षा में इस्लामाबाद भेजा गया है।

डॉन समाचार पत्र की खबर में स्थानीय पुलिस और विदेश कार्यालय के हवाले से कहा गया है कि 12 देशों के राजनयिक प्रतिनिधिमंडल के साथ मलम जब्बा से इस्लामाबाद लौट रहे थे। तभी उनकी सुरक्षा पुलिस वैन को निशाना बनाया गया। स्वात जिला पुलिस अधिकारी जाहिदुल्ला खान के अनुसार, इस वैन को



विस्फोटक उपकरण से निशाना बनाया गया। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा है कि स्वात का दौरा करने वाले सभी राजनयिक हमले में सुरक्षित रहे और इस्लामाबाद लौट आए।

पुलिस अधिकारी खान ने कहा कि घायल पुलिसकर्मियों को पास के अस्पताल ले जाया गया। वहां उनमें से एक ने दम तोड़ दिया। उसकी पहचान कांस्टेबल बुरहान के रूप में हुई है। घायलों में सब इंस्पेक्टर सर जमीन खान, कांस्टेबल मोहम्मद खान, हुसैन गुल, अमानुल्लाह और ड्राइवर रहमतुल्लाह शामिल हैं। विस्फोट के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों की एक बड़ी टुकड़ी ने इलाके की घेराबंदी की और जांच शुरू की।

## पूर्व कानून मंत्री हक और पूर्व आईजी अल-मामून पर एक और केस

**ढाका। एजेंसी**

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद गंभीर आरोपों का सामना कर रहे जेल में बंद पूर्व कानूनमंत्री अनीसुल हक और पूर्व आईजी चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून पर एक और केस पंजीकृत किया गया है। अब उन्हें पांच अगस्त को आरक्षण सुधार आंदोलन के दौरान हाफिज मोहम्मद जुबैर अहमद की हत्या के मामले में आज गिरफ्तार कर लिया गया। द डेली स्टार अखबार के अनुसार, ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद नूरुल हुदा चौधरी ने दोनों की गिरफ्तारी का आदेश जांच अधिकारी सरवर खान रसेल के आग्रह को मंजूर करते हुए दिया। सरवर रसेल अदबोर



पुलिस स्टेशन के उप निरीक्षक हैं। उन्होंने अदालत को बताया कि जुबैर हत्याकांड में दोनों एफआईआर में नामजद हैं। सुनवाई के दौरान अनीसुल और मामून कोर्ट में मौजूद रहे। जांच अधिकारी के अनुसार, 12 सितंबर को मृतक के पिता मोहम्मद कमालुद्दीन ने अनीसुल और मामून के खिलाफ खिलगांव थाने में हत्या का मामला दर्ज कराया था। उल्लेखनीय है कि पूर्व कानून मंत्री अनीसुल हक को 14 अगस्त को ढाका के सदरघाट से भागते समय गिरफ्तार किया गया।

## कांग्रेस और जातिवादी पार्टियों को बिगड़े दिनों में याद आते हैं दलित : मायावती

मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दलितों को लेकर सोमवार को कांग्रेस समेत अन्य जातिवादी पार्टियों पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि बिगड़े दिनों में ही कांग्रेस और जातिवादी पार्टियों को दलितों की याद आती है। अच्छे दिन आते ही इन्हें फिर से दरकिनार कर दिया जाता है। मायावती ने कहा कि जैसा कि अभी हरियाणा प्रदेश में भी देखने के लिए मिल रहा है। पूरे देश में अभी तक के हुए राजनीतिक घटनाक्रमों से यह साबित होता है कि खासकर



कांग्रेस व अन्य जातिवादी पार्टियों को अपने बुरे दिनों में तो कुछ समय के लिए इनको दलितों को मुख्यमंत्री व संगठन आदि के प्रमुख स्थानों पर रखने की जरूर याद आती है। लेकिन ये पार्टियां, अपने अच्छे दिनों में, फिर इनको अधिकांशतः दरकिनार ही कर देती हैं तथा इनके स्थान पर, फिर उन पदों पर जातिवादी लोगों को ही रखा जाता है जैसा कि अभी हरियाणा प्रदेश में भी देखने के लिए मिल रहा है।

बसपा सुप्रीमों ने कहा कि जबकि ऐसे अपमानित हो रहे दलित नेताओं को अपने मसीहा बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर से प्रेरणा लेकर इन्हें खुद ही ऐसी पार्टियों से अलग हो जाना चाहिए तथा अपने समाज को फिर ऐसी पार्टियों से दूर रखने के लिए उन्हें आगे भी आना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश के कमजोर वर्गों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान की वजह से अपने केन्द्रीय कानून मंत्री पद से इस्तीफा भी दे दिया था।

## नेपाल में पुलिस ने पूर्व गृहमंत्री रवि लामिछाने के घर और दफ्तर को घेरा

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में बीती देर रात से हाई वोल्टेज राजनीतिक ड्रामा हो रहा है। पुलिस ने पूर्व गृहमंत्री रवि लामिछाने को गिरफ्तार करने के लिए उनके घर और दफ्तर को चारों ओर से घेर लिया है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए बड़ी संख्या में राजधानी की सड़कों पर सुरक्षा बलों को उतारा गया है। अपनी गिरफ्तारी की संभावना को देखते हुए रवि लामिछने ने पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं को तत्काल पार्टी मुख्यालय पहुंचने को कहा है। पार्टी दफ्तर में रविवार मध्य रात से पदाधिकारियों की बैठक चल रही है। रवि लामिछाने ने बैठक से बाहर आकर पत्रकारों को बताया कि उनको गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस वालों ने उनके घर और पार्टी दफ्तर को घेर रखा है। किसी भी समय उनको गिरफ्तार किया जा सकता है।

**स्वच्छता ही सेवा** सड़कों से प्लास्टिक की थैलियों हटाने के लिए चलाया कॉटन बैग अभियान

# डॉ. तेजस दोशी ने उठाया भावनगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का बीड़ा

- वर्ष 2019 में भावनगर के लिए 'स्वच्छ भारत मिशन-भारत सरकार' का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया

**अहमदाबाद। एजेंसी**

पिछले दशक के दौरान जंगलों की स्थिति में बड़ा बदलाव आया है और सभी स्थानों पर प्लास्टिक की बोतल, थैलियां और कागज आदि नजर आ रहे हैं। किसी को तो इस कूड़े को साफ करने की शुरूआत करनी होगी। मैं स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन से काफी प्रभावित हूं और जब इस धरती ने मुझे बनाया है तो मुझे भी इस धरती को कुछ लौटाना चाहिए, इस विचार के साथ प्लास्टिक मुक्त भावनगर बनाने की



मेरी यात्रा की शुरूआत हुई। यह कहना है भावनगर में पिछले 23 साल से जनरल फिजिशियन के रूप में सेवारत डॉ. तेजस दोशी का। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन यानी 17 सितंबर से देश भर में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भी राज्य के नागरिकों में 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की भावना उजागर करने के उद्देश्य से गुजरात भर में इस अभियान का शुभारंभ किया है। उधर, डॉ. तेजस दोशी गत एक दशक से 'स्वच्छता ही सेवा' के मंत्र को आत्मसात कर भावनगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का अभियान चला रहे हैं। डॉ. तेजस दोशी ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न प्रकार के रोचक प्रोजेक्ट चलाए हैं, जिनमें उन्हें शानदार सफलता मिली है। उनके स्वच्छता संबंधित प्रोजेक्ट को ध्यान में रखते हुए उन्हें वर्ष 2019 में भावनगर के लिए 'स्वच्छ भारत मिशन-भारत सरकार' का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया।

डॉ. तेजस दोशी ने वर्ष 2014 में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम और युवाओं को बेवजह हॉर्न बजाने से रोकने के प्रयास के अंतर्गत 'नो हॉन्किंग प्रोजेक्ट' की पहल की। प्रारंभिक विचार यह था कि इस प्रोजेक्ट को 52 सप्ताह के लिए, 52 स्कूलों के 52 हजार बच्चों (हर स्कूल के 1000 बच्चे) को शामिल करते हुए शुरू किया जाए। बच्चे अपने स्कूल के निकट स्थित चौराहे पर गुजराती भाषा में ध्वनि प्रदूषण के बारे में जागरूकता से संबंधित बैनर लेकर एक घंटे तक खड़े रहते थे। किसी प्रकार की नारेबाजी नहीं, केवल हाथों में बैनर लिए मौन खड़े रहते थे।

इसके अलावा, ध्वनि प्रदूषण और हॉर्न नहीं बजाने से संबंधित पैम्फलेट भी छपवाए गए और बच्चों को यह निर्देश दिया कि इस पैम्फलेट को मोड़कर चौराहे पर खड़े वाहन चालकों के हाथ में दें, ताकि लोग सहज कुतूहलवश उसे खोलकर पढ़ने के लिए प्रेरित हों। इस प्रोजेक्ट को जबरदस्त सफलता मिली और केवल 52 सप्ताह के लिए शुरू किया गया यह प्रोजेक्ट 153 सप्ताह तक चला, जिसमें 153 स्कूलों के 1,53,000 बच्चे शामिल हुए। खास बात यह है कि इसी प्रोजेक्ट की तर्ज पर नडियाद, वडोदरा, सूरत, गांधीनगर, अहमदाबाद, गांधीधाम, राजकोट और मुंबई में भी हॉन्किंग प्रोजेक्ट चलाए गए। अपने क्लीनिक की दराज में करीब 38 बेकार पड़े प्लास्टिक के पेन को देखकर डॉ. दोशी के मन में यह विचार आया कि जब उनके पास ही इतने अधिक बेकार पेन रखे हुए हैं।

## वैश्विक मंच से उत्तर प्रदेश के नवाचारों को मिलेगी नई पहचान : कपिल देव

- उत्तर प्रदेश के आर्थिक और औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगा

**लखनऊ। एजेंसी**

उत्तर प्रदेश की बढ़ती कौशल क्षमता और नवाचार अब विश्व के सामने अपनी चमक बिखेरने को तैयार हैं। आगामी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2.0, 25 से 29 सितंबर 2024 के बीच इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक सोर्सिंग हब के रूप में स्थापित करना है, जहां कौशल, हुनर, रोजगार और उद्यमिता के प्रमुख सेक्टर्स कीगतिविधियों और उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह आयोजन उत्तर प्रदेश के आर्थिक और औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगा, जिससे प्रदेश के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए योगी सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत कई विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, ताकि प्रदेश के युवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### सचिन, प्रियंका ने शतरंज ओलंपियाड में ऐतिहासिक दोहरे स्वर्ण पदक जीत पर दीं शुभकामनाएं




**नई दिल्ली।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) शतरंज ओलंपियाड में पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक हासिल करने पर भारतीय टीम को शुभकामनाएं दीं। भारत ने बुडापेस्ट में फिडे शतरंज ओलंपियाड में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए रविवार को पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए। सचिन ने भारतीय टीम को शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर लिखा, दो स्वर्ण, एक राष्ट्र, शतरंज ओलंपियाड 2024 में पहला स्थान हासिल करने के लिए हमारी पुरुष और महिला दोनों टीमों को बधाई। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी भारतीय टीम को शुभकामनाएं दीं और कहा कि पूरे देश को उन पर गर्व है। प्रियंका ने एक्स पर लिखा शतरंज ओलंपियाड में भारतीय खिलाड़ियों ने इतिहास रच दिया। पुरुष टीम ने ओपन वर्ग में पहली बार स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग में भी भारतीय टीम ने पहली बार स्वर्ण पदक जीता है। सभी खिलाड़ियों और टीम के सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई। पूरे देश को आप सभी पर गर्व है। जय हिंद।
डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंद, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती और पेंटाला हरिकृष्णा की भारतीय पुरुष टीम ने स्लोवेनिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता। गुकेश और एरिगैसी की जीत ने भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई और प्रज्ञानानंद की बाद की जीत और विदित के ड्रॉ ने 3.5-0.5 की जीत के साथ स्वर्ण पदक पक्का कर दिया।

### आईसीसी भ्रष्टाचार निरोधक इकाई के स्वतंत्र अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त होंगे रोनी फ्लैनागन

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) के स्वतंत्र अध्यक्ष सर रोनी फ़्लैनागन अक्टूबर 2024 के अंत में अपने पद से सेवानिवृत्त हो जाएंगे। आईसीसी ने सोमवार को उक्त घोषणा की। सोमवार को आईसीसी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, ₹फ़्लैनागन, जो लॉर्ड कॉन्डन की जगह लेने के बाद मई 2010 से अपने पद पर हैं, ने अमूल्य नेतृत्व प्रदान किया है और भ्रष्टाचार के खिलाफ खेल की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आईसीसी ने फ़्लैनागन के लिए उपयुक्त उत्तराधिकारी की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और अक्टूबर की बोर्ड बैठकों में एक सिफारिश पेश की जाएगी।

### आईसीसी ने महिला टी20 विश्व कप के लिए जारी किया आधिकारिक गीत 'व्हाटएवर इट टेक्स'

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आगामी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए सोमवार को आधिकारिक इवेंट गीत व्हाटएवर इट टेक्स जारी किया है। साउंडट्रैक ऑल-गर्ल पॉप ग्रुप विश (डब्लू.आई.एस.एच.), संगीत निर्देशक मिकी मैक्लेरी, संगीतकार पार्थ पारेख और बे म्यूजिक हाउस द्वारा निर्मित है। यह गीत अब दुनिया भर के प्रमुख प्लेटफॉर्म पर डाउनलोड और स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। साउंडट्रैक के साथ आधिकारिक संगीत वीडियो भी लॉन्च किया गया, इसमें महिला क्रिकेट के प्रतिष्ठित क्षणों की हाइलाइट रीलें हैं और कोरियोग्राफी में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 को वर्ष का अवश्य देखे जाने वाला इवेंट बताया गया है।

### पंजाब एफसी यूथ प्रोग्राम के तकनीकी निदेशक नियुक्त हुए ज्यूसेप्पे क्रिस्टाल्डी

**मोहाली।** पंजाब एफसी ने ज्यूसेप्पे क्रिस्टाल्डी को अपने यूथ प्रोग्राम का तकनीकी निदेशक नियुक्त किया है। इतालवी कोच पंजाब एफसी के युवा सेटअप का नेतृत्व करेंगे, जिसने पिछले सीजन में बड़ी सफलता हासिल की थी, जिसमें आरएफडीएल नेशनल चैंपियनशिप और ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप जीतना शामिल है। शेर (पंजाब एफसी का उपनाम) एकमात्र इंडियन सुपर लीग टीम है जिसने सभी श्रेणियों में एआईएफएफ यूथ लीग के नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई किया है। 37 वर्षीय ज्यूसेप्पे क्रिस्टाल्डी, जो सैन सेवेरो (इटली) के रहने वाले हैं, को युवा क्लबों के साथ काम करने का 15 वर्षों से अधिक का अनुभव है।

# विश्व कप में तीसरा स्थान पाने वाली पहली भारतीय बाइक रेसिंग टीम बनी इंडे रेसिंग

**क्रैन्स-मोंटाना (स्विटजरलैंड)। एजेंसी**

एफआईएम ई-एक्सप्लोरर विश्व कप में भाग लेने वाली पहली भारतीय टीम इंडे रेसिंग ने रविवार को प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करके इतिहास रच दिया है। भारत की अब तक की एकमात्र बाइक रेसिंग टीम ने अपने पहले सीजन में 4 राउंड में 479 अंक अर्जित करके तीसरा स्थान प्राप्त किया।



बोनेल और होंडा रेसिंग टीम क्रमशः 498 और 490 अंकों के साथ पहले और दूसरे स्थान पर रही। इंडे रेसिंग की महिला राइडर सैंड्रा गोमेज ने 271 अंकों के साथ सीजन के अंत में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि स्पेंसर विल्टन और रुनार सुदामन ने क्रमशः 162 और 46 अंक प्राप्त करके पुरुष वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्पेंसर विल्टन ने रेस के बाद कहा रविवार का दिन टीम के लिए बहुत अच्छा दिन था, हमने पुरुषों के लिए पी3 और महिलाओं के लिए पी1 स्थान अर्जित किया और फिर हमने विश्व चैंपियनशिप में कुल मिलाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। एफआईएम ई-एक्सप्लोरर में इंडे का यह पहला विश्व चैंपियनशिप पोडियम है, जो बहुत बढ़िया है। ट्रैक उबड़-खाबड़ था, बहुत सारी चट्टानें थीं, लेकिन टीम ने पूरे सप्ताहांत कड़ी मेहनत की, और पोडियम पर स्थान प्राप्त करना पूरी टीम का प्रयास था।
सैंड्रा गोम्स ने कहा लक्ष्य पिछली दो रेसों में अग्रणी समूह के खिलाफ शामिल होना और उनसे मुकाबला करना था और मैं ऐसा करके बहुत खुश हूं। ट्रैक मेरे लिए जितना इस्तेमाल किया जाता है, उससे कहीं ज्यादा सुपरक्रॉस था और मुझे अपना सब कुछ देने की जरूरत थी। मैंने दोनों रेसों में अच्छी शुरूआत की और पिछले दिन पहला स्थान हासिल किया और कल दूसरे स्थान पर रहकर ओवरऑल चैंपियनशिप जीती।
इंडे रेसिंग ने 16-17 फरवरी को ओसाका में सैंड्रा के लिए पहले स्थान और स्पेंसर के लिए चौथे स्थान के साथ सीजन की सकारात्मक शुरूआत की, इसके बाद 3-4 मई को ओस्लो में सैंड्रा के लिए लगातार दूसरा पोडियम हासिल किया। सीजन को खत्म करने के लिए, सैंड्रा और स्पेंसर ने 21 और 22 सितंबर को क्रैन्स-मोंटाना में डबल हेडर में दो पोडियम फिनिश के साथ जीत हासिल की।

### भारत में हमारे पास लगभग 300 मिलियन बाइकर्स हैं : अभिषेक कंकनाला

इंडे रेसिंग के मालिक अभिषेक कंकनाला ने परिणाम पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा भारत में हमारे पास लगभग 300 मिलियन बाइकर्स हैं और हर युवा बच्चा जो अब बाइक पाता है, उसके साथ रेसिंग करने का सपना देखता है। यह आश्चर्यजनक है कि हमने एक ऐसी टीम बनाई है जिसका वे समर्थन कर सकते हैं क्योंकि अब तक जिन टीमों का भारतीय समर्थन करते हैं उनका देश से कोई संबंध नहीं है। अपने पहले ही सीजन में तीसरा स्थान हासिल करना और उन्हें एक ऐसी टीम का समर्थन करने का मौका देना जो वास्तव में देश की है, एक विशेष एहसास है।

### धीमी ओवर गति के कारण महिला क्रिकेट टीम पर लगा जुर्माना

**मैके।** न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।
अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को उक्त जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया ने मैके में पहला टी20 मैच पांच विकेट से जीता था और इसी मैदान पर दूसरा मैच 29 रन से जीता था। मैच अधिकारियों ने पाया कि व्हाइट फर्न्स ने सीरीज के पहले मैच में तय समय में स्वीकार्य ओवर से 1 ओवर कम किए थे। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने अपराध स्वीकार कर लिया और जुमार्ना स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुमार्ना लगाया जाता है।

## उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियो ने जीते चार स्वर्ण, तीन रजत व तीन कांस्य




**लखनऊ। एजेंसी**

उत्तर प्रदेश की अन्वेषा जैन, अंशिका मौर्या, श्रेया शर्मा व तुषिका वर्मा ने द्वितीय खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग फेज -एक में अपनी तकनीक व फाइटिंग स्किल का शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की। इसी के साथ उत्तर प्रदेश ने बड़ोदरा (गुजरात) में गत 19 से 22 सितंबर तक आयोजित इस टूर्नामेंट में चार स्वर्ण, तीन रजत व तीन कांस्य सहित कुल 10 पदक जीते। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने बताया कि लखनऊ की अन्वेषा जैन ने बालिका कैडेट अंडर-59 किग्रा में, अंशिका मौर्या ने बालिका कैडेट 59 किग्रा से अधिक वर्ग में, श्रेया शर्मा ने बालिका जूनियर 68 किग्रा से अधिक वर्ग में और देवरिया की तूषिका वर्मा ने बालिका जूनियर अंडर-52 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। रजत पदक मथुरा की विशाखा ने बालिका जूनियर अंडर-46 किग्रा में, आगरा की रिधिमा सिंह ने बालिका जूनियर अंडर-59 किग्रा वर्ग में और देवरिया की प्रियंका कुमारी ने महिला सीनियर 73 किग्रा से अधिक भार वर्ग में अपने नाम किए। दूसरी ओर लखनऊ की नगमा परवीन को बालिका जूनियर अंडर-42 किग्रा वर्ग में, आगरा की आरती शर्मा को महिला सीनियर 73 किग्रा से अधिक वर्ग में और आगरा की ही दुर्गेश शर्मा को महिला सीनियर अंडर- 73 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक मिले। उत्तर प्रदेश के इन पदक विजेता खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के चेयरमैन डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी, अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू, सचिव, कोषाध्यक्ष देवेंद सहित संघ के सभी पदाधिकारियों ने टीम कोच मोहित व हिमप्रीत सिंह की सराहना की।

## मालदीव के खिलाफ मुकाबले में खिलाड़ियों को बदलने की योजना बना रहा भारत

**थिम्पू। एजेंसी**

सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी भारतीय टीम मंगलवार को चांगलिमथांग स्टेडियम में सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप में मालदीव के खिलाफ मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल करना चाहेगी। पिछले शुक्रवार को अपने पहले मैच में कोच इश्फाक अहमद की टीम ने बांग्लादेश को 1-0 से हराया था। पिछले साल के फाइनल की तरह ही सुमित शर्मा ब्रह्मचारिमयम ने 92वें मिनट में विजयी गोल किया था। रविवार को बांग्लादेश और मालदीव के बीच 1-1 से ड्रॉ होने के कारण भारत ने एक गेम शेष रहते सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। अहमद ने सुझाव दिया



कि इससे उन्हें टीम में बदलाव करने और पहले मैच के कुछ खिलाड़ियों को आराम देते हुए ज्यादा खिलाड़ियों को खिलाने का मौका मिल सकता है। उन्होंने कहा चूंकि हम पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं, इसलिए मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूँ कि दूसरे खिलाड़ियों को भी खेलने का मौका मिले। हमारे सभी खिलाड़ी महत्वपूर्ण हैं। कुछ छोटी-मोटी कमियाँ भी हैं। हम यह मैच जीतना चाहते हैं और ग्रुप में शीर्ष पर रहना चाहते हैं। भारतीय टीम बांग्लादेश और मालदीव के बीच मैच देखने के लिए मौजूद थी, जिसमें दूसरे हाफ में बढ़त बनाने के कारण मालदीव का दबदबा रहा। हालांकि, मालदीव ने एक दुर्लभ आक्रमण अवसर का लाभ उठाते हुए 79वें मिनट में अपने कप्तान मोहम्मद इलान इमरान के माध्यम से बराबरी की और अंक हासिल किया।

## हरयाणवी हंटर्स ने जीता एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग का खिताब

**नई दिल्ली। एजेंसी**

हरयाणवी हंटर्स ने एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग (ईसीएल) टी10 के उद्घाटन संस्करण का खिताब जीत लिया है। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में रविवार रात खेले गए शानदार मुकाबले में हरयाणवी हंटर्स ने लखनऊ लायंस को 8 विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा किया। हरयाणवी हंटर्स के रोहित लांबा को उनके अद्वितीय ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। लखनऊ लायंस के कप्तान अनुराग द्विवेदी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन उनकी टीम को शुरूआत में ही झटके लगे। अनुराग खुद 6 गेंदों पर सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए।




हरयाणवी हंटर्स के तेज गेंदबाज रोहित लांबा ने दूसरा ओवर करते हुए 3 विकेट झटके, जिससे लायंस की टीम का स्कोर 4 विकेट पर 28 रन हो गया। टूर्नामेंट में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले ऑरेंज कैप धारक आकाश यादव भी केवल 6 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, लखनऊ लायंस को अमनदीप सिंह (46 रन, 17 गेंदों पर) और आशीष कुमार मीणा (35 रन, 17 गेंदों पर) के बीच 65 रनों की तेज साझेदारी से थोड़ी स्थिरता मिली, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए। रोहित लांबा के 3 विकेट (26 रन देकर) और अनुज चौधरी के शानदार 2 विकेट (8 रन देकर) की बदौलत हरयाणवी हंटर्स ने लखनऊ लायंस को 10 ओवरों में 131/9 पर सीमित कर दिया। जवाब में हरयाणवी हंटर्स के कप्तान एल्विश यादव ने अपनी स्टार पावर का परिचय देते हुए धमाकेदार पारी खेली। उन्होंने सिर्फ 8 गेंदों में 30 रन ठोक दिए, जिसमें 5 शानदार छक्के शामिल थे, जिससे उन्होंने टीम के रन चेज की शुरूआत शानदार की।
हालांकि, केशव चौधरी 6 रन बनाकर आउट हो गए, फिर भी हंटर्स ने 4 ओवरों में 63/2 का स्कोर बना लिया था। ललित यादव (30*) और अनुज चौधरी (63*) की नाबाद 83 रनों की साझेदारी ने हरयाणवी हंटर्स को 7.1 ओवर में 135/2 के स्कोर तक पहुंचा दिया, जिससे उन्होंने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया और चैंपियनशिप जीत ली। रोहित लांबा और अनुज चौधरी को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

### ऑस्ट्रेलियाई पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच नियुक्त हुए टोनी पोपोविक



**मेलबर्न।** फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को टोनी पोपोविक को पुरुष राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। वह तत्काल प्रभाव से यह जिम्मेदारी संभालेंगे। 51 वर्षीय पोपोविक का पहला काम 2026 फीफा विश्व कप के लिए एएफसी एशियाई क्वालीफायर का महत्वपूर्ण तीसरा दौर होगा। ऑस्ट्रेलिया अपने अगले विश्व कप क्वालीफायर में 10 अक्टूबर को एडिलेड में चीन की मेजबानी करेगा। पोपोविक ने एक बयान में कहा, ₹मैं मुख्य कोच के रूप में ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व करने का अवसर पाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। यह एक ऐसी भूमिका है जो बड़ी ज़िम्मेदारी के साथ आती है, और मैं इस अवसर के लिए बहुत आभारी हूँ। यह निस्संदेह मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत गर्व का क्षण है। हमारी राष्ट्रीय टीम का मार्गदर्शन करने का दायित्व सौंपा जाना एक विशेषाधिकार है जिसे मैं हल्के में नहीं लेता। मैं इस पद के साथ आने वाली ज़िम्मेदारी और उच्च अपेक्षाओं के भार को पूरी तरह समझता हूँ। सबवे सॉकरोस का एक समृद्ध इतिहास और एक भावुक प्रशंसक आधार है, और मैं उन अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। पोपोविक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल दोनों में अनुभव की एक प्रभावशाली गहराई लेकर आते हैं। उनकी उपलब्धियों में 2014 में वेस्टर्न सिडनी वांडरर्स एफसी को एएफसी चैंपियंस लीग का खिताब दिलाना और दो ए-लीग प्रीमियरशिप जीतना शामिल है।

# वाणिज्य

## शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

**'नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत ऑल टाइम हाई ओपनिंग के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। हालांकि इस खींचतान में अभी तक खरीदारों का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.31 प्रतिशत और निफ्टी 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।
शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी,



बीपीसीएल, बजाज ऑटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारती एयरटेल के शेयर 1.99 प्रतिशत से लेकर 1.57 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, आयशर मोटर्स, विप्रो, इन्फोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 1.19 प्रतिशत से लेकर 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।
अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,389 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,578 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 811 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 11 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 39 शेयर हरे निशान में और 11 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में तेजी का रुख

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार होता रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मुनाफा वसूली का दबाव बना रहा। एशियाई बाजार में आमतौर पर तेजी का रुख नजर आ रहा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती करने के बाद अमेरिकी बाजार में आई तेजी लंबे समय तक टिक नहीं सकी। पिछले सत्र के दौरान मुनाफा वसूली के दबाव की वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,702.55 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.36



प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,948.32 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 42,085.46 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।
अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 98.73 अंक यानी 1.20 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,229.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## गोयल ने ऑस्ट्रेलिया में व्यापार जगत के नेताओं और कंपनियों के सीईओ से की मुलाकात

**सिडनी/नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को निवेश के अवसरों पर चर्चा करने के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया की विभिन्न कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख सुपर फंड्स के साथ शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने भारत के गतिशील विकास क्षेत्रों में महत्वपूर्ण निवेश अवसरों की खोज की।
केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में ऑस्ट्रेलिया भारत संबंध केंद्र द्वारा आयोजित लंच राउंडटेबल में ऑस्ट्रेलियाई व्यापार जगत के नेताओं के साथ नान और नई जमीन पर चर्चा के बाद यह कही। उन्होंने बताया कि इस बैठक मेन्यू में विचारों का संगम, नवाचार की झलक और नए भारत



की खुशबू और हमारी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के अवसरों के तहत द्विपक्षीय सहयोग की हार्दिक सेवा शामिल थी। उन्होंने कहा कि सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा हुई, जिससे भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापार और निवेश संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा।
केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल ने कहा कि भारत के विकास और दोनों पक्षों के बीच सहयोग के भविष्य के अवसरों पर चर्चा करने के लिए ऑस्ट्रेलिया की बिजनेस काउंसिल और भारतीय उद्योग प्रतिनिधिमंडल के साथ जुड़ना बहुत अच्छा लगा। उन्होंने आगे कहा कि मुंबई से मेलबर्न तक भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक कम्पास साझा समृद्धि की ओर इशारा करता है। उन्होंने कहा कि हमने अपने व्यापार, निवेश और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए नए रास्ते तलाशे हैं। उन्होंने कहा कि एयरट्रंक के संस्थापक और सीईओ रॉबिन खुदा से परिचय हुआ। भारत के डिजिटलीकरण विकास और भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में सहयोग की महत्वपूर्ण संभावनाओं पर चर्चा की गई।

# कानून तो बहुत लेकिन संस्कार और शिक्षा से रुकेगा लव जिहाद : विहिप प्रांत मंत्री

चमकता राजस्थान



बूंदी (राजकुमार राठौड)बून्दी- विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने लव जिहाद से पीड़ित कन्याओं के द्वारा आत्महत्या, उनकी जिहादियों द्वारा निर्मम हत्या एवं दुर्दशा की बढ़ती हुई घटनाओं पर चिंता व आक्रोश व्यक्त करते हुए इस हेतु अविलंब सख्त कानून बनाने की मांग की। विहिप के प्रांत मंत्री कौशल गौड ने लव जिहाद के मुद्दे पर कहा कि इसके लिए सख्त कानून के साथ संस्कार और नैतिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाना जरूरी है। पहले संयुक्त परिवार में यह सब सहज प्रक्रिया थी। इन्होंने कहा कि वर्तमान में लोगों के करियर ओरियेंटेड होने के कारण संस्कार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों को बच्चों संस्कृति, संस्कार और भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा दिलाने पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा।खोजा गेट स्थित लालकोठी विद्यालय में प्रांत मंत्री कौशल गौड़ के सानिध्य और जिलाध्यक्ष नंदलाल वर्मा की अध्यक्षता में मासिक बैठक में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रांत सेवा प्रमुख देवलाल गोचर, प्रांत विशेष सह संपर्क प्रमुख मोहन लाल मालव, विहिप विभाग मंत्री रौनक आनंद, विहिप प्रांत सह मंत्री इंदर राज मीणा तथा प्रांत संस्कृत सह प्रमुख अंतिम जैन भी मंचासीन रहे।जिला प्रचार प्रमुख कृष्ण कान्त राठौर ने बताया कि इस मासिक बैठक में षष्ठी पूर्ति समापन कार्यक्रम की प्रखंड अनुसार समीक्षा की गई। साथ ही नवरात्री महोत्सव, गीता जयंती, हिंदू सम्मेलन और त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रमों सहित विहिप के आगामी कार्यक्रम व गतिविधियों पर प्रखंडों के कार्यकर्ताओं के साथ व्यापक परिचर्चा कर रूपरेखा बनाई गई।बैठक में जिला उपाध्यक्ष विजय लक्ष्मी गौतम, जिला मंत्री संजय नागर, जिला सह मंत्री शंकर गुर्जर, जिला मिलन केंद्र प्रमुख बृजेश राठौर, जिला सहसंयोजक शिव मेहरा, रामदेव मेघवंशी, चंद्र सिंह राजावत, प्रखंड मंत्री पवन गौतम, ऋतुराज, रामेश्वर, हीरा लाल, किशन मुरारी, भंवर लाल जागिड़, नारायण चौधरी, कुलदीप वधवा, दुर्गा लाल, धनराज सैनी, सोनू जागिड़, नन्द सिंह सहित जिला वप्रखंड पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दौलतपुरा व राजपुरा गांव में जिला कलक्टर ने किया फसल कटाई प्रयोग प्रक्रिया का अवलोकन



**चमकता राजस्थान। बूंदी (राजकुमार राठौड)बूंदी-** जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने सोमवार को बूंदी तहसील के दौलतपुरा व हिण्डोली क्षेत्र के राजपुरा गांव में अतिवृष्टि से खराब हुई फसल के मुआवजे के लिए कृषि विभाग द्वारा किए जा रहे फसल कटाई प्रयोग का खेतों मे पहुंचकर अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कृषि पर्यवेक्षक द्वारा किए जा रहे फसल कटाई प्रयोग की प्रक्रिया की जानकारी लेकर आवशयक दिशा निर्देश भी दिए।

जिला कलक्टर की मौजूदगी में कृषि पर्यवेक्षक ने दौलतपुरा गांव में मक्का तथा राजपुरा गांव में उड़द का फसल कटाई प्रयोग किया। मौके पर ही उपस्थित कृषि पर्यवेक्षक ने सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए फसल कटाई प्रयोग संपादित किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि फसल कटाई प्रयोग की सभी कार्यवाही सावधानी के साथ संपन्न हो, ताकि प्रभावित किसानों को फसल का उचित मुआवजा दिलवाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि कृषि पर्यवेक्षक व बीमा कंपनी के प्रतिनिधि बेहतर समन्वयक के साथ इस कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक महेश शर्मा, सहायक निदेशक राजेश शर्मा, डीईओ शिवराज खटीक, कृषि अधिकारी महावीर मीना, रामसिंह, राजेंद्र सोनी,एग्रीकल्चर सुपरवाइजर लक्ष्मण गुर्जर, पूजा मीणा, कृषि बीमा कंपनी के कर्मचारी गौरव, शिवराज आदि मौजूद रहे।

### राजपूत समाज ने उठाई सूरजमल हाड़ा की छतरी यथा स्थान पर बनाने की मांग



**चमकता राजस्थान ।बूंदी (राजकुमार राठौड)** बूंदी- सर्व राजपूत समाज ने आज जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर बूंदी के पूर्व नरेश सुरजमल हाडा की छतरी यथा स्थान ड्ट बनाने की मांग की है। करणी सेना राष्टीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने कहा ड्ट की छतरी का पुनः र्निर्माण उस स्थान पर हो जहां छतरी बनी हुई थी।जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। केडीए प्रशासन की कार्रवाई से समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई है। समाज की मांग है कि प्रस्तावित नए एयरपोर्ट का नाम बूंदी के पूर्व नरेश राव सूरजमल हाडा के नाम पर ही रखा जाए।राजपूत समाज के लोग आज बहादुर सिंह सर्किल पर एकत्रित हुए वहां से रैली के रूप में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन से मांग की बूंदी नरेश सूरजमल की छतरी को ध्वस्त करने वालो के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। छतरी का निर्माण कार्य 8 अक्टुम्बर तक प्रशासन द्वारा करा दिया जाए अन्यथा राजपूत समाज उग्र आंदोलन करेगा। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस जाता कलेक्ट्रेट के बाहर मौजूद रहा, उन्होंने राजपूत समाज के लोगों को कलेक्ट्रेट के बाहर ही रोक दिया।समाज के युवा सड़क पर बैठ गए जिसके चलते दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग गई। उपखंड अधिकारी एचडी सिंह ने कलैक्ट्रेट के बाहर पहुच प्रदर्शनकारियों से ज्ञापन लिया और उचित कार्यवाही का आश्वाशन दिया।

# राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा, भारतवंशी भारतीय संस्कृति के सच्चे संवाहक

## जहां–जहां भारतवंशी गए, वहां का विकास किया: राज्यपाल

चमकता राजस्थान



**जयपुर! (खलील कुरैशी) 23 सितम्बर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि जहां जहां भारतवंशी गए हैं, उस देश के विकास में अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि भारतवंशियों ने अपनी परंपरागत विशेषताओं को स्थानीय सांस्कृतिक धारा में सम्मिलित करके विदेशी राष्ट्रों को समृद्ध किया है। बागडे सोमवार को राजभवन से कनाडा में आयोजित 'विदेश में भारतवंशी संस्कृति' विषयक वेबिनार में संबोधित कर रहे थे। बागडे ने इस दौरान कहा कि भारतवंशी जहां–जहां बसे हैं, वहाँ के राष्ट्रीय एवं सामाजिक जीवन में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने राजस्थान के उन लोगों को भी स्मरण किया जिन्होंने विदेशों में जाकर राज्य व देश का नाम रोशन किया है।राज्यपाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'गुरूजी' का स्मरण करते हुए कहा कि वह कहा करते थे, 'यह संपूर्ण विश्व मेरा घर है।' उन्होंने कहा कि गुरूजी यह बात इसीलिए कहते थे कि भारतवंशी कहीं भी जाते हैं तो उस देश को अपना घर मानकर वहां के विकास के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने भारतीय ज्ञान परम्परा की भी इस दौरान विशेष चर्चा की तथा कहा कि आचार्य कणाद ने सबसे पहले परमाणु संरचना पर विश्वभर में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शून्य एवं दशमलव की खोज भारत में ही हुई। इस खोज ने ही विश्वभर में गणितीय जटिलताओं को खत्म किया है। उन्होंने जगदीशचन्द्र बसु द्वारा 'माइक्रोवेव', 'बायोफिजिक्स' और 'प्लांट न्यूरोबायोलॉजी' के प्रवर्तक रहने और आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे द्वारा 'हिंदू रसायन विज्ञान के इतिहास' आदि की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय विज्ञान आरंभ से ही समृद्ध रहा है। इसने विश्वभर को विकास की प्रेरणा दी।

# राज्यमंत्री देवासी, सांसद चैधरी व जिला प्रमुख पुरोहित सहित जनप्रतिनिधियों ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का किया उद्धाटन

## युवा खिलाड़ियों का किया जमकर उत्साहवर्धन

चमकता राजस्थान



**जयपुर, (खलील कुरैशी) 23 सितम्बर।** पंचायतीराज राज्यमंत्री श्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य में सिरोही जिले की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमलारी में 68 वीं जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्धाटन किया गया। संस्था प्रधान प्रकाश कुमार राव ने बताया कि इसप्रतियोगिता में जिले से कुल 37 टीम और 444 खिलाड़ी भाग ले रहे है। उद्धाटन मैच लक्ष्मीपत सिंघानिया जेकेपुरम और स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल झाड़ोली के बीच खेला गया जिसमें जेकेपुरम विजेता रहा।

क्रिकेट प्रतियोगिता का भी हुआ भव्य शुभारम्भ–68वीं जिला स्तरीय क्रिकेट खेलकूद प्रतियोगिता (छात्रा) 17 व 19 वर्ष आयु वर्ग का शुभारम्भ श्री महावीर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कालन्द्री में हुआ।सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता एवं जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेश बारबर, के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल के दौरान सौहार्द एवं खेल भावना का सम्मान करते हुए खेलने की बात कही

### जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी कुमारी की अध्यक्षता में 23 अधिकारी/कर्मचारियों को जारी किए कारण बताओ नोटिस

**चमकता राजस्थान। जयपुर, !( खलील कुरैशी) 23 सितम्बर।** जयपुर विकास आयुक्त आनंदी द्वारा प्राधिकरण पोर्टल पर आनलाईन सेवाओं से संबंधित पत्रावलिया लम्बित रहने पर 23 अधिकारी/कर्मचारियों को नोटिस जारी किये गये। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि पत्रावलियों की जांच करने पर संज्ञान में आया है कि प्राधिकरण में नागरिक सेवा केन्द्र के माध्यम से प्राप्त हो रही विभिन्न जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित ऑनलाईन पत्रावलियों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाना अपेक्षित है परन्तु ऑनलाइन सेवाओं से सम्बन्धित प्रकरणों की पत्रावलिया 23 अधिकारियों एवं कर्मचारीयों के खाते में सात दिवस से भी अधिक समय से विभिन्न पत्रावलियां लंबित थी।जेडीसी द्वारा निर्देश दिए गए है कि संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के खाते में लम्बित चल रही पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण किया जाकर जनपयोगी सेवाओंसेसंबंधितऑनलाईनपत्रावलियों का समय पर निस्तारण नहीं किये जाने के संबंध में तीन दिवस में जेडीए सचिव को लिखित में स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाये अन्यथा जेडीए प्रशासन द्वारा एकतरफा कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन मंत्री संजय शर्मा ने किया पौधारोपण



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 23 सितम्बर।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने सोमवार को दिवंगत ललिता देवी की स्मृति में उनके परिजनों के साथ अलवर जिले के कालाकुआं सार्वजनिक पार्क में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान संचालित किया गया। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो रहा है। उन्होंने अभियान के तहत पौधारोपण कर श्रीमती ललिता देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग चल रहा अतिरिक्त कार्यभार के भरोसे

## जबकि एक दर्जन से अधिक अभियंता चल रहे एपीओ

चमकता राजस्थान

जयपुर। सार्वजनिक निर्माण विभाग में एक दर्जन से अधिक अभियंताओं को अभी अपने पोस्टिंग ऑर्डर का इंतजार है,हालांकि, एपीओ के इंतजार में बैठे इन अभियंताओं को कई महीनों से मोटी सैलरी जरूर दी जा रही है,यह हालात तब हैं जब विभाग में अभियंताओं की भारी कमी है, वहीं मिली जानकारी के अनुसार विभाग में आधे से ज़्यादा अभियंताओं को अतिरिक्त कार्यभार दिया हुआ है,जबकि लगभग 15 अभियंता कई महीने से एपीओ पर हैं।

एपीओ पर रहने वाले अधिकारियों की कहीं ड्यूटी नहीं लगाई जाती,उन्हें सिर्फ अपनी हाज़री विभाग मुख्यालय में लगानी होती है। विभाग के एक अधिकारी का कहना है कि किसी अधिकारी को एपीओ पर कब तक रखा जाए इसको लेकर कोई निश्चित टाइम फ्रेम या नीति नहीं है।

एपीओ पर चल रहे एक अभियंता ने कहा, 'सरकार के पास समय नहीं है कि वो हमें पोस्टिंग दे,पद खाली पड़े हैं अधिकारी ने कहा कि महीनों से वो यूं ही बैठे हुए हैं,जबकि विभाग में कई अभियंताओं को अतिरिक्त कार्यभार मिला हुआ है जो कि उनकी कार्यक्षमता को प्रभावित करता है कई-कई जगह तो अधीक्षण अभियंता का कार्यभार अधिशासी अभियंताओं को दे दिया गया है ! नाम ना बताने की शर्त पर एक अभियन्ता ने कहा कि किसी अभियंता को एपीओ पर रखना राज्य सरकार का फैसला है लेकिन लंबे समय तक एपीओ की स्थिति का होना न्यायपूर्ण नहीं है,अगर किसी को किसी अभियन्ता के खिलाफ शिकायत है तो उसपर एक्शन होना चाहिए लेकिन एपीओ कभी सजा नहीं हो सकता,एपीओ पर रहने वाले अभियंताओं को पूरी सैलरी मिलती है वो भी बिना कोई काम किये।

सार्वजनिक निर्माण विभाग में इस समय मुख्य अभियन्ता सुधीर माथुर,अधीक्षण अभियन्ता संगीत कुमार , अधीक्षण अभियंता आर के लूथरा, अधीक्षण अभियन्ता अविनाश शर्मा, अधीक्षण अभियन्ता आशु कुमार गर्ग, अधिशासी अभियंता राजेश जैन, अधिशासी अभियंता श्रीराम मीणा, अधिशासी अभियंता मिखिल गुप्ता, अधिशासी अभियंता बाबूलाल छबरवाल, अधिशासी अभियंता विनय कुमार गुप्ता, सहायक अभियंता हरी गोपाल, सहायक अभियंता रमन कुमार मीणा, सहायक अभियंता पूजा जानू, सहायक अभियंता विजय कुमार गुर्जर, सहायक अभियंता चारू सुमन भार्गव, सहायक अभियंता मोनिका सेनी एपीओ पर हैं।

# परस्पर सहयोग व समन्वय से एक्सप्लोरेशन कार्य में तेजी लाएं-प्रमुख शासन सचिव,खान व पेट्रोलियम विभाग

## जीएसआई एमईसीएल द्वारा 49 ब्लॉक तैयार, 16 की नीलामी शुरु

चमकता राजस्थान



**जयपुर, (खलील कुरैशी) 23 सितंबर।** खान व पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया है कि राज्य में जीएसआई और एमईसीएल द्वारा मेजर मिनरल के 49 ब्लॉक तैयार कर उपलब्ध कराए गए हैं जिसमें से 16 ब्लॉकों की नीलामी की निविदा जारी कर दी गई है वहीं अन्य ब्लॉक नीलामी पूर्व आवशयक प्रक्रिया में हैं।प्रमुख सचिव खान टी. रविकान्त सोमवार को सचिवालय में ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप जेड्ब्लूजी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जेड्ब्लूजी में केन्द्र सरकार के खान विभाग, जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, एमईसीएल, आईबीएम, वन विभाग, आरएसएमईटी के साथ ही खान व भूविज्ञान विभाग के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में विपुल खनि संपदा है इसलिए एक और जहां खनिज एक्सप्लोरेशन कार्य को गति देनी होगी वहीं खोजे गए खनिजों की नीलामी प्रक्रिया में तेजी लानी होगी। टी. रविकान्त ने कहा कि राज्य में खनिज एक्सप्लोरेशन कार्य में लगी सभी संस्थाओं को परस्पर सहयोग व समन्वय से एक्सप्लोरेशन कार्य में तेजी लानी है जिससे ओवरलेपिंग भी नहीं हो और प्रदेश की खनि संपदा का बेहतर खोज व खनन कार्य हो सके। उन्होंने बताया कि मेजर मिनरल में मुख्यतः लाईम स्टोन, कॉपर, गोल्ड, लेड जिंक आदि शामिल है और प्रदेश में इनके अच्छी मात्रा में डिपोजिट मिल रहे हैं।जेड्ब्लूजी के सदस्य सचिव व जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के उप निदेशकअनिंध्य भट्टाचार्य ने बताया कि जीएसआई व एमईसीएल द्वारा अब तक प्रदेश में 126 जियोलोजिकल रिपोर्ट व जियोलोजिकल मेमोरेण्डम तैयार कर प्रस्तुत किये जा चुके हैं। उन्होंने प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी।बैठक में भारत सरकार के निदेशक तकनीकी योगेन्द्र सिंह, जीएसआई के निदेशक संजय सिंह आदि अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929